EKAL PRAYAS

A Family Magazine With Social Concern

September-October, 2025 Vol-16 No. 4

एकल प्रयास

सामाजिक सरोकार की पारिवारिक पत्रिका

Pages 44 50/-

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहती

एकल की सरिता

Wrapped
in Love
Possibilities
Infinite
PRISM JEWELLERY
Jitendra Bhansali Group Company
Contact:
Sanket Jain | 98200 98884
sanket@prismjewellery.com
Amar Bhansali | 98200 94440
amar@prismjewellery.com
Pranay Shah | 98200 28461
pranay@prismjewellery.com
Dharam Bhat | 98730 08510
dharam@prismjewellery.com
Raumil Sanghavi | 9833208447
raumil@prismjewellery.com
309 – 311 , A-1, Shah & Nahar Ind. Estate, Sitaram Jadhav Marg, Lower Parel (W),
Mumbai – 400 013, Maharashtra, India. Tel No.+91-22-43484348

EKAL PRAYAS

A Family Magazine With Social Concern

September-October, 2025 Vol-16 No. 4 ₹ 50/-

Editor
Manju Srivastava

Co-Editor
Siddhartha Shankar Gautam

Editorial Board
Nishi Agarwal
Praveen Arya

Editorial Coordinator
Harsh Malik

Art Consultant
Sandeep Kumar

Head Office
Ekal Prayas, 1st Floor, Plot No. 8, Local Shopping Complex, Okhla Phase - II, New Delhi - 110 020.
Phone: 011-4050 3331. Fax: 011-4050 3332.
E-mail: ekalprayas@ekal.org

Awake, Arise and Achieve

प्रिय पाठक,

एकल संस्थान की ओर से इस बार सिद्धार्थ शंकर गौतम ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में एकल अभियान द्वारा आये सामाजिक, सांस्कृतिक बदलावों को प्रत्यक्ष देखा और जैसा देखा–वैसा लिखा। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं ग्राम विकास की सरिता बह रही है, जिसका अनुभव आपको ग्राउंड जीरो रिपोर्ट पढ़ने से होगा।

इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर पलवल अंचल के अलीपुर गाँव के एकल विद्यालय के बच्चों ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को राखी बाँधी। एकल वनबंधु परिषद् की महिला समिति के प्रयासों से यह सुअवसर प्राप्त हुआ। बच्चों ने एकल विद्यालय में सीखी संस्कार–शिक्षा से प्रधानमंत्री का परिचय कराया। वहीं देश भर के अंचलों में कहीं वीर सैनिकों भाइयों के साथ तो कहीं पुलिसकर्मियों, डॉक्टर्स, समाजसेवियों के साथ एकल की बहनों ने उत्साह से रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

15 अगस्त को भी एकल अभियान देशभक्ति के रंग गया। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकल कार्यकर्ताओं, समिति पदाधिकारियों ने उत्साह से समाज के साथ झंडावंदन किया। कोलकाता में हुई चिंतन बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले एवं सह–सरकार्यवाह व संपर्क अधिकारी, एकल अभियान श्री अलोक कुमार का पाथेय सभी को प्राप्त हुआ, जो निःसंदेह अभियान की भावी कार्य योजनाओं की पूर्ति में सहायक होगा।

बीते माह में कई संभागों में वन–यात्राओं का आयोजन किया गया। वनयात्रा एक ऐसा माध्यम है जो समाज को एकल से जुड़ने का अवसर देता है। प्रत्यक्ष कार्यप्रणाली, कार्यकर्ताओं से भेंट, समाज में एकल के माध्यम से बदलाव; वन–यात्राओं के माध्यम से ही दृष्टिगत होता है, जो संगठन के विस्तार में भी सहायक है।

श्री अतुल शाह; एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने सेवा को ही अपना जीवन बना लिया। कुशल संगठनकर्ता और सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में आपकी जीवटता एकल अभियान से जुड़े हर व्यक्ति को समाज हितार्थ कर्म करने की प्रेरणा देती है।

इसके इतर संगठनात्मक बैठकों, सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों आदि के माध्यम से एकल का कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। शेष, अगले अंक में आपसे पुनः भेंट होगी।

आपकी
मंजु 'दीदी'
manju@ekal.org

Contents

COVER STORY

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहती एकल की सरिता
सिद्धार्थ शंकर गौतम

01. Roundup of Ekal Events 29
02. Vanyatra 37
03. Standing Tall 39
04. Vanvasi Shourya Gatha 41



05
Ekal's Historic Journey
(Excerpts from Swaraj Ka Shanknaad)

07
नन्हें फूलों ने प्रधानमंत्री को बाँधी राखी
संपादकीय विभाग

21
चिंतन बैठक कोलकाता
डॉ ललन कुमार शर्मा

27
An Evening with Manju Didi
Manorama Choudhury

Published and Printed by Manju Srivastava from 1st Floor, Plot No 8, Local Shopping Complex, Okhla Phase-II, New Delhi - 110 020. Owner: Ekal Sansthan Printed at - Viba Press Pvt. Ltd., C - 66/3 Okhla Industrial Area - II, New Delhi - 20. Editor - Manju Srivastava.

All rights reserved. Reproduction in any form with written permission only. All disputes are subject to the jurisdiction of competent Courts in Delhi/New Delhi only.

INOX AIR PRODUCTS

FUELING INDIA'S GROWTH
WITH PIONEERING SOLUTION

India's Largest Industrial, Electronic & Medical Gas Manufacturer



Your Trusted Gas Partner

www.inoxairproducts.com

Continued...

The Economic & Social Base of the Organization

The quality of Ekal schools is assessed through two key parameters:

1. Regularity of the School

The regular functioning of an Ekal school is ensured primarily through the involvement of the Gram Samiti (village committee), which takes full responsibility for its administration. This model is rooted in the principle of Swavlamban (self-dependence). As this process evolves, it has significantly contributed to making Ekal schools more self-reliant and consistent in their operations.

According to the Ekal Abhiyan office report, nearly 85% of Ekal schools fall under Category A and B, indicating strong performance. Ekal firmly believes that with rising self-dependence, schools will continue to become more regular and effective in fulfilling their educational mission.

2. Standard of Education

The educational quality in Ekal schools' hinges on the efficiency of the teachers. This efficiency is directly tied to the training they receive at various levels—zonal, regional, unit, and chapter.

There are two main categories of full-time Ekal workers:

- **Planning Group:** Responsible for administrative tasks and the strategic expansion of the movement.
- **Training Group:** Free from administrative duties, this group is dedicated solely to skilfully training teachers and enhancing their capabilities.

Even at the central level, workers are categorized by their roles, ensuring focused performance. This clear distinction between planning and training roles guarantees that the quality of training directly impacts the teachers' effectiveness, thereby improving the overall standard of education.



The Ekal Abhiyan office reports that approximately 90% of trainers are regular and skilled in their responsibilities, resulting in a smooth-functioning system. With no overlap in responsibilities between the expansion and training teams—from the unit to the central level—there is complete harmony and cooperation between the two, much like any well-coordinated team.

A Balanced Approach to Growth

The integration of village self-sufficiency with the mission's expansion only proves fruitful when the quality and regularity of Ekal schools remain uncompromised. When this balance is sustained, natural and organic growth follows.

It is important to note that while the expansion of the Ekal movement is its external aspect, the quality of its schools represents its soul or internal essence. These two dimensions are complementary and together serve a shared goal—motivating the Ekal workforce and sustaining high morale.

The widespread respect Ekal has garnered in society through its expansion efforts further uplifts and motivates its workers, which in turn enhances the quality of education offered. Thus, growth and quality have evolved hand in hand.

Mahila Samiti at village level

In contrast, many government-run village schemes have largely failed despite having established systems and resources. The key missing link is a committed and culturally aligned workforce. Indian rural society resonates more with the language of bhakti (devotion) and shraddha (faith). To tap into this sentiment, Ekal introduced Satsang programmes aimed at instilling moral values.

As villagers began to assemble regularly and the movement expanded, they were introduced to discipline through responsibilities assigned within the Ekal framework. What began as a moral and educational initiative through Satsang has now evolved into a comprehensive rural development project.

Grassroots Empowerment

As part of this transformation, Ekal encourages youth groups to dedicate themselves to the welfare of nearby villages. These groups, known as Ram Sadhak Toli, are agents of social transformation, referred to as Ram Kaj (the work of Lord Ram).

At the village level, Ekal has formed eight subcommittees, each focused on a specific area of community development. Each subcommittee comprises seven members, meaning 56 young villagers are actively involved in carrying forward the mission. These subcommittee members also become associate members of the Gram Sangathan by offering voluntary contributions, symbolizing their ownership and accountability for village development.

Below are the eight subcommittees and their primary responsibilities:

1. Shiksha Samiti (Education Committee)

This committee monitors the teaching quality and overall functioning of the Ekal school. It raises awareness among villagers about the Right to Information (RTI) Act, empowering them to seek accountability from schools and teachers. The committee ensures that villagers aged 10 to 40 receive appropriate education.

2. Aarogya Samiti (Health Committee)

Led by a woman known as the Aarogya Sevika, this committee focuses on village health. The Sevika, trained by Ekal, ensures health protocols are followed and distributes essential medicines. She also mobilizes women from various government schemes like Aasha, Anganwadi, and ANM for weekly Satsang sessions where they are encouraged to actively support and implement public health schemes.

3. Vikas Samiti (Development Committee)

This committee educates villagers on the use and benefits of organic fertilizers and promotes water conservation practices. Ekal school students are also taught how to prepare organic fertilizers from an early stage.

4. Jagran Samiti (Awareness Committee)

Its goal is to inform villagers about their rights under the RTI Act and other government welfare schemes like MNREGA, Old Age Pension, Public Distribution System, and Mid-Day Meal. It also promotes tree plantation and environmental awareness.

5. Satsang Samiti (Spiritual Committee)

Responsible for organizing weekly Satsang sessions, this committee ensures proper training for the Satsang leaders and encourages participation from all castes to promote social harmony within the village.

6. Mahila Samiti (Women's Committee)

This committee works towards eradicating alcohol addiction from the village and empowering women through active involvement in community upliftment.

7. Yuva Samiti (Youth Committee)

The youth committee's mission is to safeguard villages from both internal and external exploitation, instilling a spirit of self-protection and leadership among young people.

8. Sangathan Samiti (Organisation Committee)

This committee fosters village unity by organizing cultural and spiritual festivals like Ram Mahotsav, Krishna Janmashtami, and the Annual Festival. It also promotes self-reliance and instils a sense of dignity and pride among villagers. ■

(To be Continued...)

एकल के नन्हें फूलों ने प्रधानमंत्री को बाँधी राखी

दिया राष्ट्रसेवा का संदेश

वनबंधु परिषद् दिल्ली महिला समिति के अंतर्गत एकल विद्यालय के 10 नन्हें छात्र–छात्राओं ने अगस्त 9, 2025 को भारत के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को राखी बाँधकर भाई–बहन के इस पावन पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।

ये बच्चे अंचल पलवल, संच तिगांव के अलीपुर गाँव से आए थे। उनके साथ संच प्रमुख श्रीमती ललिता और आचार्या श्रीमती लक्ष्मी भी उपस्थित थीं। बच्चों ने प्रधानमंत्री को राखी बाँधने के साथ ही देशभक्ति के गीत भी प्रस्तुत किए। बच्चों की मासूम मुस्कान और हृदयस्पर्शी प्रस्तुति ने प्रधानमंत्री को अत्यंत प्रसन्न और भावविभोर कर दिया। उन्होंने बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अद्वितीय अवसर को संभव बनाने में दिल्ली महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती मधुरिका मुंधड़ा की विशेष भूमिका रही। मात्र दो दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई थी, किंतु इतने अल्प समय में ही मधुरिका मुंधड़ा के नेतृत्व, महिला समिति के समर्पण, दिल्ली चैप्टर की अध्यक्षा श्रीमती संगीता गुप्ता तथा सभी कार्यकर्ताओं के सक्रिय सहयोग से यह प्रेरणादायक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को उजागर करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि एकल परिवार के नन्हें दीपक, राष्ट्र के प्रति प्रेम और सेवा की ज्योति जलाए हुए हैं।

बीएसएफ के वीरों और समाज के संग

रक्षाबंधन पर्व

एकल अभियान के तत्वावधान में रक्षाबंधन का पावन पर्व इस वर्ष देशभर में विभिन्न स्वरूपों में हर्षोल्लास, आत्मीयता और सांस्कृतिक गौरव के साथ मनाया गया। यह आयोजन केवल एक परंपरा का निर्वाह नहीं, बल्कि संगठन, सेवा और सद्भाव का संदेश था।

वीर जवानों संग रक्षा-सूत्र (मथुरा)

जिला मथुरा में बीएसएफ कैंप, बाद में रक्षाबंधन उत्सव आयोजित हुआ। बहनों ने वीर जवान भाइयों के माथे पर तिलक कर रक्षा–सूत्र बांधा और उनकी दीर्घायु एवं सुख–समृद्धि की मंगलकामनाएँ कीं। जवानों ने भी पूरे उत्साह से सहभागिता निभाई। इस अवसर पर श्री मनोहर (केंद्रीय कार्यकर्ता विभाग प्रमुख एवं भारत लोक शिक्षा परिषद संगठन मंत्री, प्रभाग 5), एडवोकेट श्री मदनमोहन अग्रवाल (संभाग उपाध्यक्ष), श्री महेंद्र शर्मा (अंचल अध्यक्ष), दीदी लता अग्रवाल (अंचल उपाध्यक्ष), दीदी नीलम खंडेलवाल (कार्यालय प्रभारी), दीदी सरिता अनंत (अंचल उपाध्यक्ष), श्री आशुतोष (पी–5 प्रभाग प्रमुख), श्री मनोज (भाग अभियान प्रमुख), श्री देवेंद्र पटेल (भाग प्रशिक्षक) एवं श्री अनूप (अंचल अभियान प्रमुख) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्नेह और अपनत्व का पर्व (सूरत)

एकल श्रीहरि महिला समिति, सूरत की बहनों ने रक्षाबंधन का पर्व कार्यालय के कार्यकर्ता भाइयों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। रंग–बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की सज्जा ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मंगलाचरण के साथ आरंभ हुए इस आयोजन में बहनों ने तिलक व रक्षा–सूत्र बाँधकर कार्यकर्ता भाइयों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख–समृद्धि की कामना की। भाइयों ने इस आत्मीयता को भावपूर्ण धन्यवाद के साथ स्वीकार किया।

'पंच-परिवर्तन' के संग रक्षा-संकल्प (धनबाद)

एकल अभियान युवा समिति, धनबाद ने 'ढांगी शबरी बस्ती' में माताओं, बहनों और बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए और बहनों ने समिति सदस्यों को तिलक व राखी बांधी। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता हेतु हर संभव सहयोग का संकल्प लिया तथा बच्चों को शिक्षण सामग्री और मिठाइयाँ वितरित कीं। यह आयोजन विशेष था, क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी यात्रा की ओर अग्रसर है। इसी प्रेरणा से युवा समिति ने **'पंच-परिवर्तन'; सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी व आत्मनिर्भरता तथा नागरिक कर्तव्य** को आगामी वर्ष के लिए अपनाने का प्रण लिया।

डिब्रूगढ़ महिला समिति का अनूठा रक्षाबंधन

डिब्रूगढ़ महिला समिति ने इस वर्ष एकल विद्यालयों में रक्षाबंधन को पर्यावरण–मैत्री रूप में मनाया। बच्चों ने पत्तों, फूलों, तिनकों और नारियल की रस्सी से प्राकृतिक राखियाँ बनाकर सहपाठियों, शिक्षकों और अतिथियों को बाँधीं। "प्रकृति रक्षा, हमारी रक्षा" के नारों के साथ यह पर्व भाईचारे, संवेदनशीलता और प्रकृति के संरक्षण का प्रेरक संदेश देता रहा। समिति की संयोजिका ने कहा कि "राखी केवल धागा नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और धरती माँ की रक्षा का प्रतीक है।"

रक्षा सूत्रः संगठन और सद्भाव का प्रतीक (प्रयागराज)

प्रयागराज भाग कार्यालय में भाग अध्यक्ष श्री अशोक टंडन की अध्यक्षता में रक्षा सूत्र का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगर की बहनों ने एकल कार्यकर्ताओं को रक्षा–सूत्र बाँधकर मंगलकामनाएँ दीं और मिठाई भेंट की। बहनों ने रक्षा सूत्र के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंचल व संभाग स्तर के अनेक कार्यकर्ता, श्रीमती शशि पोद्दार, श्रीमती सुनीता निगम, श्रीमती निधि गुप्ता, श्रीमती साधना अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

एकल अभियान के विविध आयामों में मनाए गए इन आयोजनों ने यह सिद्ध किया कि रक्षाबंधन मात्र भाई–बहन का पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, आत्मीयता, सेवा और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है। बीएसएफ के वीर जवान हों, कार्यालय के कार्यकर्ता भाई हों या शबरी बस्ती की बहनें और बच्चे; रक्षा सूत्र ने सबको एक डोर में बाँधकर संगठन की शक्ति और सेवा के संकल्प को और मजबूत किया। ■

EKAL VIDYALAYA FOUNDATION OF INDIA (EVFI)

Bringing Literacy, healthcare and economic prosperity to remote villages in Bharat with the support of Indian Diaspora abroad.

Sponsor one Ekal Vidyalaya for a year @ INR 30,000

Our Chapters and Support Groups across the globe



Participate in Van Yatra:
See yourself what Ekal is achieving with support from contributors.

"JOIN HANDS FOR THE NOBLE CAUSE."

Ekal Vidyalaya Foundation of India
Plot No.8, 1st Floor, Local Shopping Complex, Okhla Industrial Area, Phase-II,
New Delhi- 110 020 Phones: +91 11 4050 3331, 4050 3332
Email: evfi.office@ekal.org | Website: www.ekal.org

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहती
एकल की सरिता

पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और ग्रामविकास की एक नई धारा बह रही है। यह धारा है एकल अभियान की सरिता, जो विंध्याचल से लेकर काशी अंचल तक गांव–गांव में अपनी छाप छोड़ रही है।

संभागीय संरचना के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश को दो हिस्सों में विभाजित किया गया है। विन्ध्याचल भाग में रेणुकूट, सोनभद्र, चुनारगढ़, मीरजापुर, संत रविदास नगर और दीनदयाल नगर अंचल आते हैं, जबकि काशी भाग में सारनाथ, बाबतपुर, कृष्णानगर, सैदपुर, गाजीपुर, आर्यमनगढ़ और जौनपुर सम्मिलित हैं। इन दोनों भागों के कुल 13 अंचलों में 147 संचों के तहत 3,641 एकल विद्यालय संचालित हैं। जहाँ 56,096 बालक और 54,906 बालिकाएँ शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। ग्रामीण शिक्षा में प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 05 संचों के 123 विद्यालयों में टेबलेट आधारित ई–शिक्षा चलाई जा रही है। साथ ही ग्रामविकास, संस्कार और जागरण के प्रसार हेतु संभाग में दो आईवीडी केंद्र, दो एकल ऑन–व्हील वाहन और तीन एकल श्रीहरि रथ संचालित हैं। यहाँ 34 एकल व्यास कथाकार लोकमानस को संस्कारों से सींच रहे हैं।

एकल का प्रभाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। संभाग में 1,763 पोषण वाटिकाएँ विकसित की गई हैं, जो कुपोषण उन्मूलन की दिशा में आशा की किरण बनी हैं। 45 आरोग्य सेविकाएँ स्वास्थ्य सेवाओं और नवाचारों के माध्यम से ग्रामीणों को निरोगी जीवन का संदेश दे रही हैं। वहीं 1,539 किसान अब जैविक खेती की ओर अग्रसर होकर न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि समाज को सुरक्षित और शुद्ध अन्न भी उपलब्ध करा रहे हैं। मेरे हालिया प्रवास में मैंने सात अंचलों का भ्रमण किया। गांवों में पहुँचकर जब ग्रामीणों से बातचीत हुई, तो यह स्पष्ट हुआ कि एकल केवल शिक्षा का अभियान नहीं, बल्कि ग्रामीण उत्थान का संपूर्ण आंदोलन है। बालकों की आँखों में शिक्षा का उजास, महिलाओं के जीवन में स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का संचार, किसानों की खेती में जैविक पद्धति का अपनाना; ये सब मिलकर इस क्षेत्र में परिवर्तन की नई कहानी लिख रहे हैं।

एकल विद्यालय ने वनवासी क्षेत्र में लांघी भौगोलिक दुर्गमताएँ

बाबतपुर अंचल के संच अखरी का केसरीपुर एकल विद्यालय

रेणुकूट अंचल वनवासी बहुल क्षेत्र है और पहाड़ी दुर्गमता के चलते कई बार कार्य करने में भौगोलिक कठिनाइयाँ आती हैं लेकिन एकल के कार्यकर्ता अपनी जीवटता से हर कठिनाई को पीछे छोड़ देते हैं। वर्ष 2006 से यहाँ एकल विद्यालय का संचालन प्रारंभ हुआ और वर्तमान में 12 संचों के 326 गांवों में एकल विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। हालांकि यहाँ के 50 से अधिक एकल विद्यालय ग्राम ऐसे हैं जहाँ न नेटवर्क पहुंचा है और न ही आवागमन के उचित साधन, फिर भी यहाँ एकल अभियान का कार्य सभी को अचंभित कर देता है। अंचल रेणुकूट का संच म्योरपुर प्रगत संच है। इसी संच के ग्राम देवरी में मैंने एकल विद्यालय का प्रत्यक्ष संचालन देखा। 35 वर्षीया आचार्या सुमन देवी किसी दक्ष शिक्षक की भांति बच्चों को पढ़ा रही थीं। उन्होंने बताया कि गांव में 8वीं तक सरकारी विद्यालय है किंतु एकल विद्यालय का आकर्षण ऐसा है कि विद्यालय में 30 नामांकित बच्चों की जगह लगभग 40 से अधिक बच्चे हो जाते हैं। हालांकि इतनी बड़ी संख्या को समय सीमा के हिसाब से व्यवस्थित करना पड़ता है पर अब इसकी आदत सी हो गई है।

06 वर्ष की दीया हो या 07 वर्ष की अनुष्का, अनुराधा या 10 वर्ष की रौशनी, सूरज और गुनगुन; सभी एकल विद्यालय की संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से पढ़कर बहुत खुश होते हैं। एकल ग्राम समिति सदस्य श्री राम अवध प्रजापति कहते हैं कि एकल विद्यालय में पढ़कर बच्चों में एक कॉन्फिडेंस आया है, खासकर उनमें कुछ नया सीखने की ललक बढ़ी है। इसी एकल विद्यालय में मेरी भेंट एकल आचार्या की पुत्री 19 वर्षीया सुश्री काजल सोनी से हुई जो इसी एकल विद्यालय की पूर्व छात्रा रही है। सुश्री काजल फिनो मित्रा एप के माध्यम से गांव वालों के आर्थिक कार्य, रिचार्ज आदि का काम करके हजारों कमाकर अपनी पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन करती हैं। इसी प्रकार एकल की पूर्व छात्रा 22 वर्षीया सुश्री लक्ष्मी रानी कोपा ट्रेड में आईटीआई कर रही हैं और एक निजी विद्यालय में शिक्षिका के रूप में 10,000 रुपये प्रतिमाह की आय कर रही हैं। एकल की पूर्व आचार्या 30 वर्षीया सुश्री ममता देवी संच की अयोग्य को–ऑर्डिनेटर हैं। सुश्री काजल, सुश्री लक्ष्मी और सुश्री ममता; समय–समय पर एकल विद्यालय आती हैं और बच्चों के साथ समय बिताती हैं। बच्चे भी इनके अनुभव से सीख रहे हैं।

इसी प्रकार मैं बाबतपुर अंचल के संच अखरी के एकल विद्यालय ग्राम केसरीपुर पहुंचा जहाँ 29 वर्षीया आचार्या गीता देवी बच्चों को पढ़ाती हैं। गांव में 5वीं तक ही सरकारी विद्यालय है किंतु एकल विद्यालय उस कमी को पूरा कर रहा है। केसरीपुर का एकल विद्यालय बच्चों की गुणवत्ता के हिसाब से उत्कृष्ट है। यहाँ के सभी बच्चे पढ़ाई और संस्कार पक्ष में निपुण हैं जिसकी क्षेत्र में काफी प्रतिष्ठा है। मंदिर के प्रांगण में चलने वाले एकल विद्यालय के पश्चात आचार्या गीता देवी के सहयोग से ग्रामीण प्रतिदिन सत्संग करते हैं। इस एकल विद्यालय की एक खास बात भी है। एकल विद्यालय की महिला ग्राम समिति की सभी महिला सदस्यों के बच्चे एकल विद्यालय में पढ़ते हैं और वे गांव की अन्य महिलाओं को भी अपने बच्चों को एकल विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। ग्राम प्रमुख श्रीमती उर्मिला देवी की बिटिया अंशिका, सदस्या पूजा वर्मा की बेटी सृष्टि, श्रीमती आशा देवी की बेटियाँ अर्पिता और आराधना, श्रीमती पुष्पा देवी के बच्चे आर्यन और अंशिका, सोनी देवी की बेटियाँ सृष्टि और अदिति, पूजा पटेल के बच्चे आरांश और आर्या, श्रीमती पूर्णिमा सिंह की बेटी प्रियांशी सिंह एकल विद्यालय की छात्रा हैं और ये सभी माएं प्रतिदिन एकल विद्यालय के संचालन को मॉनिटर करती हैं तथा आचार्या गीता देवी की यथासंभव सहायता करती हैं।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ई-शिक्षा ने बदला पढ़ाई का स्तर

भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संभवतः ही किसी बच्चे ने अपने सरकारी विद्यालय में कंप्यूटर देखा होगा किंतु यदि वही बच्चा एकल विद्यालय का छात्र हुआ तो हो सकता है कि वह ई–शिक्षा के तहत टेबलेट के माध्यम से पढ़ाई करता हो। जी हाँ, सही पढ़ा आपने और ऐसा संभव हुआ है एकल ई–शिक्षा के माध्यम से। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 05 संचों के 123 एकल विद्यालयों में ई–शिक्षा से शिक्षित करवाने की अनूठी पहल की जा रही है। मीरजापुर अंचल के राजगढ़ संच के 25 एकल विद्यालयों में वर्ष 2023 से टेबलेट से माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है। अपने प्रवास के क्रम में मैं ग्राम रैकरा और रैकरी गया जहाँ क्रमशः आचार्या शशि कुमारी तथा आचार्या सुमनलता बच्चों को सुलभता से टेबलेट के माध्यम से पढ़ाती हैं और बच्चे भी नवाचार को लेकर सहज हैं तथा नया सीखने की ललक से उत्साह दिखाते हैं। दोनों एकल विद्यालयों में 30–30 बच्चों का नामांकन है। इसके अलावा संच के मणिहान, अटारी, गढ़वा, लालपुर, देवपुरा सहित 18 अन्य गांवों में टेबलेट के माध्यम से ई–शिक्षा दी जा रही है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी बात है।

आईवीडी म्योरपुर ने तकनीक और कौशल से दिए उद्यमिता को पंख

पूर्वी उत्तर प्रदेश संभाग के अंचल रेणुकूट के म्योरपुर संच में नवंबर 16, 2025 से संचालित आईवीडी (इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट) ने तकनीक और कौशल के माध्यम से ग्रामीणों की जीवनशैली और उद्यमिता को नए पंख दिए हैं। आसपास के 30 गांवों तक संपर्क बना चुके इस आईवीडी केंद्र की ख्याति अब शहरों तक पहुँच चुकी है। केंद्र की सीटीएल (कंप्यूटर ट्रेनिंग लैब) से अब तक 262 बच्चों ने कंप्यूटर का बेसिक कोर्स सीखा है, जबकि डब्ल्यूईसी (वीमेन एम्पावरमेंट सेंटर) अर्थात सिलाई केंद्र से 224 महिलाएं प्रशिक्षित होकर निकली हैं। वहीं जुलाई 15, 2025 से ब्यूटी पार्लर का कोर्स भी प्रारंभ हो चुका है, जिसमें वर्तमान बैच में 18 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

सिलाई केंद्र की ट्रेनर 29 वर्षीया सुश्री मीनाक्षी यादव ने 05 माह तक यहाँ से सिलाई सीखी और बीते 06 माह से आप यहाँ महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दे रही हैं। आपके मार्गदर्शन में सिलाई सीख चुकीं 30 वर्षीया श्रीमती पूजा देवी अपने घर से सिलाई का काम करके 3,500 रुपये मासिक की आय कर रही हैं, वहीं 17 वर्षीया सुश्री अर्पिता गुप्ता 1,500 रुपये मासिक आय करके स्वयं की पढ़ाई का खर्च वहन कर रही हैं। 20 वर्षीया सुश्री सुनीता देवी वर्तमान में सिलाई सीख रही हैं किंतु सिलाई का काम इतनी तेजी से सीखा है कि अब घर से काम करके 2,000–2,500 रुपये प्रतिमाह अर्जित कर रही हैं। इसी सिलाई केंद्र पर मेरी भेंट 17 वर्षीया सुश्री हिना खातून और सुश्री गुलाब अंसारी से हुई जिन्होंने सिलाई सीखते हुए ही अपने परिवार के लिए कपड़े सिलना शुरू कर दिए। दोनों ने इसी केंद्र से कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी लिया है। केंद्र के माध्यम से सिलाई के दो उप–केंद्र; लिलासी कला और सहगोडा गांव में चल रहे हैं जहाँ 20 से अधिक महिलाएं सिलाई सीख रही हैं।

कंप्यूटर ट्रेनिंग लैब में मेरी भेंट 19 वर्षीया सुश्री आकांक्षा कुमारी से हुई

आईवीडी जक्खिनी से स्वाबलंबी बन रहा ग्रामीण समाज

अंचल सारनाथ के ग्राम जक्खिनी में अप्रैल, 2024 से आईवीडी केंद्र चल रहा है। इससे पूर्व यह केंद्र बड़ेहनी गांव में चल रहा था। केंद्र के को–ऑर्डिनाटर श्री प्रभाकर पांडे ने बताया कि केंद्र में 10 कंप्यूटर तथा 07 सिलाई मशीनें हैं जिनके माध्यम से ग्रामीण पुरुष–महिलाएं अपने हुनर को तराशने का काम कर रहे हैं। दोनों विधाओं के प्रतिदिन क्रमशः 04 और 02 बैच चलते हैं। सिलाई केंद्र की प्रशिक्षिका नीलम पटेल ने मेरी भेंट 21 वर्षीया सुश्री कृतिका सिंह से करवाई जिन्होंने जनवरी–मार्च, 2025 के बैच में सिलाई सीखी और अब घर से काम करके आप 2,000 रुपये प्रतिमाह कमा रही हैं। 23 वर्षीया सुश्री अर्चना कुमारी भी यहाँ से सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिमाह 1,500 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। 21 वर्षीया सुश्री तनु सिंह ने केंद्र से पहले सिलाई सीखी और अब कंप्यूटर सीख रही हैं ताकि भविष्य में अपनी आजीविका का उचित प्रबंध कर सकें। अब तक सिलाई केंद्र से 117 महिलाएं सिलाई कार्य में दक्ष हो चुकी हैं। इसके अलावा वर्तमान बैच में 26 बच्चे कंप्यूटर सीख रहे हैं, जबकि अब तक कंप्यूटर सीख चुके विद्यार्थियों की कुल संख्या 331 है।

जो ट्रेनर श्री उमेश कुमार की अनुपस्थिति में बच्चों को कंप्यूटर सिखा रही थीं। केंद्र से कंप्यूटर का एडवांस कोर्स कर रहीं आकांक्षा एनडी पब्लिक स्कूल में भी कंप्यूटर सिखाती हैं जिससे उन्हें 3,000 रुपये प्रतिमाह का पारिश्रमिक मिलता है। 28 वर्षीया सुश्री संगीता देवी वर्ष 2016 में हिंदी शिक्षिका थीं किंतु पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते नौकरी छोड़ना पड़ी। पहले आपने सिलाई सीखी और अब कंप्यूटर सीख रही हैं ताकि अपने पैरों पर पुनः खड़ी हो सकें। आईवीडी के ब्यूटी पार्लर की ट्रेनर 25 वर्षीया सुश्री निधि कुमारी ने आदित्य रूरल टेक्नोलॉजी पार्क से ब्यूटिशियन में आईटीआई का कोर्स किया है। विवाह के सीजन में निधि अपने घर में मेकअप करके 25,000–30,000 रुपये प्रतिमाह कमा लेती हैं। शेष माह की आय 5,000–6,000 रुपये है।

आईवीडी केंद्र के माध्यम से किसान प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत जैविक खाद, कीट नियंत्रक, बीज वितरण, पौधा वितरण, निरीक्षण आदि जैसे कार्य किये जाते हैं। अब तक केंद्र से 167 महिलाओं और 773 पुरुषों सहित कुल 940 किसान प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। आईवीडी केंद्र के माध्यम से अगस्त, 2025 में 1,400 पौधे किसान परिवारों को मुफ्त में वितरित किये गए जिसमें प्रत्येक किसान परिवार को 04 फलदार पौधे और 02 हवादार पौधे प्राप्त हुए। आईवीडी केंद्र की 2 बिसवा जमीन पर पोषण वाटिका लगाई गई है जिसमें गोभी, भिंडी, परवल, टमाटर, आम, नींबू, केला आदि लगाए गए हैं। आईवीडी में कार्यकर्ताओं/अतिथियों के लिए बनने वाले भोजन में सब्जी का प्रयोग पोषण वाटिका में उगाई गई सब्जियों का होता है।

आईवीडी केंद्र पर मेरे प्रवास के चलते ग्राम बभनडीहा में एक किसान ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामोत्थान फाउंडेशन के पी4 जोनल सुपरवाइजर श्री अनुग्रह नारायण सिंह, पी4 जोन स्टेट को–ऑर्डिनेटर श्री प्रभाकर पांडे सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता व समिति बंधुगण उपस्थित रहे। किसान ग्राम सभा में 15 किसान भाई–बहनों की उपस्थिति रही जिन्होंने आईवीडी की किसान हितैषी

नीतियों की प्रशंसा की। आईवीडी के माध्यम से क्षेत्र में यूरिया के प्रयोग को कम करने की प्रेरणा दी जा रही है। साथ ही, जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण भी गांवों में दिया जा रहा है। गांव के लगभग हर परिवार में पोषण वाटिका बनी हुई है। भलूही गांव की कमला देवी, सुश्री रुक्मणी देवी, सुश्री विमला देवी, श्री रामसिंह किसान आईवीडी के माध्यम से उपलब्ध कराये गए पौधे और खाद का प्रयोग कर रहे हैं, वहीं बभनडीहा गांव के किसान अशर्फी लाल, रामधनी, रेखा रानी, उषा देवी यूरिया के प्रयोग को पूरी तरह छोड़ चुके हैं। किसान महिपत गोबर से जैविक खाद बना रहे हैं और अन्य किसानों को भी इसे बनाने में सहयोग कर रहे हैं। देवरी गांव के श्री जागेश्वर प्रसाद ने वर्मी कम्पोस्ट पिट बनाया है जिसमें आईवीडी कार्यकर्ताओं ने उनकी सहायता की है। किसान श्री रामशरण अपने खेत में पूरी खेती जैविक पद्धति से करते हैं।

कंप्यूटर सिखाने घर-घर पहुंचा एकल ऑन व्हील

अंचल सोनभद्र के संच शिवद्वार के ग्राम सुनहरी में एकल ऑन व्हील घर–घर जाकर बच्चों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दे रही है। दरअसल, एक बस जिसे कंप्यूटर वैन में बदल दिया गया है, गांव में तीन स्थानों पर समयानुसार खड़ी होती है और अपने बैच के क्रम में बच्चे आकर कंप्यूटर सीख रहे हैं। ईओडब्ल्यू ट्रेनर वीर प्रताप ने इसी कंप्यूटर बस में पढ़ाई करते हुए कंप्यूटर सीखा और आज आप बच्चों को कंप्यूटर सिखा रहे हैं। पहले बैच में 09 बच्चे, दूसरे बैच में 15 बच्चे और तीसरे बैच में 06 बच्चे कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। ईओडब्ल्यू के माध्यम से सोनभद्र अंचल के 38 गांवों के अब तक कुल 525 बच्चे कंप्यूटर सीख चुके हैं।

इसी प्रकार एक एकल ऑन व्हील मीरजापुर अंचल में भी चल रही है, जिसके माध्यम से 70 गांवों के 1,030 बच्चे कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके हैं, जिसमें 855 स्कूली बच्चे और 99 कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे हैं। दोनों अंचलों में एकल ऑन व्हील किसी परिचय की मोहताज नहीं है और अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति के चलते इसकी लोकप्रियता दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा

रही है। यहाँ से कंप्यूटर सीख कर कई बच्चों ने कंप्यूटर से संबंधित कार्यों से अपनी आजीविका चलाने का प्रबंध कर लिया है।

स्वस्थ शरीर से स्वस्थ गांव का निर्माण कर रहा आरोग्य प्रकल्प

एकल आरोग्य प्रकल्प योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व वनवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना है। योजना के अंतर्गत निवारक स्वास्थ्य शिक्षा, ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं, योग व आयुर्वेदिक उपाय, पोषण संबंधी मार्गदर्शन और शिशु–महिला स्वास्थ्य पर जोर दिया जाता है। स्थानीय ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेविकाएँ प्रशिक्षित की जाती हैं जो गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं व जानकारी पहुंचाती हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में तीन संचों म्योरपुर, बभनी और दुर्गा मंदिर में आरोग्य प्रकल्प योजना चल रही है। अपने प्रवास के क्रम में मैं चुनारगढ़ अंचल के संच दुर्गा मंदिर के ग्राम टोगा पहुंचा जहाँ आरोग्य प्रकल्प योजना के कार्यों का प्रत्यक्ष दर्शन किया। इस अवसर पर आरोग्य प्रकल्प योजना के केंद्रीय मार्गदर्शक डॉ. मुकुल भाटिया, प्रभाग 4 आरोग्य प्रमुख श्री अमरेश कुमार व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्गा मंदिर संच के 30 गांवों में आरोग्य प्रकल्प योजना चल रही है। टोगा गांव की आरोग्य सेविका सुश्री अमृता देवी पिछले 5 वर्षों से ग्रामीणों के स्वास्थ्य का ध्यान रख रही हैं। उन्होंने गांव के प्रत्येक घर में पोषण वाटिका का निर्माण करवाया है। सुश्री अमृता देवी एक दिन में दो घरों में संपर्क करती हैं। एआरसी एप में उन्होंने 118 परिवारों से संपर्क का डाटा अपलोड किया है तथा 150 से अधिक ग्रामीणों का उपचार हेतु डाटा टेलीमेडिसिन एप पर

आरोग्य सेविका सुश्री अमृता देवी

अपलोड किया है। इस अवसर पर डॉ. मुकुल भाटिया ने ग्रामीणों को आरोग्य प्रकल्प योजना के विषय में विस्तार से बताया, जिसमें 50 से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति रही। डॉ. मुकुल भाटिया ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, देशी घरेलू उपचार पद्धति, जैविक खाद के प्रयोग जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर भी ग्रामीणों का मार्गदर्शन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सोखता गड्ढा बनाने की प्रक्रिया भी सिखाई। गांव के 250 में से 50 घरों में सोखता गड्ढा होने पर उन्होंने खुशी व्यक्त की।

इसी संच के ग्राम लक्ष्मिनपुर में मेरी भेंट आरोग्य सेविका सुश्री सुशीला देवी से हुई जो गांव की 3,000 से अधिक की आबादी में स्वास्थ्य जागरण कर रही हैं। आपके जिम्मे परसैया गांव की आरोग्य सेविका की भी जवाबदेही है। आपने गांव के प्रत्येक घर में पोषण वाटिका निर्माण के साथ 30 से अधिक सोखता गड्ढा बनवाये हैं। सामान्य उपचार हेतु देसी घरेलू उपचार पद्धति का प्रयोग करना, महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्याओं का उपचार आदि के कार्य में सुश्री सुशीला देवी दक्ष हैं।

'वर्ष 2030 तक भारत के 10,000 गांवों तक पहुंचाएंगे आरोग्य प्रकल्प योजना'

'आरोग्य प्रकल्प योजना का भविष्य उज्जवल है। वर्ष 2030 तक योजना को भारत के 10,000 गांवों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसे वर्ष 2030 के पश्चात प्रत्येक वर्ष दोगुना करना है। हालांकि अभी सबसे बड़ी चुनौती ह्यूमन रिसोर्स की है, जिसे दुरुस्त किया जा रहा है।' यह कहना है आरोग्य प्रकल्प योजना के केंद्रीय मार्गदर्शक डॉ. मुकुल भाटिया का, जिन्होंने प्रवास के दौरान योजना के विषय में विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि एकल में शिक्षा के श्रीगणेश के साथ ही आरोग्य हेतु मंथन शुरू हो गया था। श्री भाऊराव देवरस भी शिक्षा के साथ आरोग्य को ग्रामीण उत्थान का सर्वश्रेष्ठ साधन मानते थे। गांवों में मतांतरण को रोकने के लिए भी शिक्षा के साथ आरोग्य की बड़ी भूमिका है। इसका पहला प्रयोग वर्ष 1995 में श्री श्याम गुप्त ने उड़ीसा प्रांत के प्रत्येक संच में एक स्वास्थ्य केंद्र खोलकर किया जहाँ प्रत्येक संच में चिकित्सकों को गांवों में भेजा गया। विधिवत रूप से वर्ष 1999 में आरोग्य प्रकल्प योजना की शुरुआत हुई और वर्ष 2003 में आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन हुआ। वर्ष 2017 में डॉ. सुरेश अग्रवाल, डॉ. सतपथी और डॉ. संघवी ने मिलकर वनोषधि उपचार पद्धति शुरू की, जिसे सकारात्मक एवं उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हुआ।

डॉ. मुकुल भाटिया ने बताया कि कोरोना काल में आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने ग्रामीण भारत को इसकी विभीषिका से बचाया। ऑनलाइन कंसल्टेशन, डेली रिपोर्टिंग, पोस्ट कोरोना कंसल्टेशन, जीआरसी में कोरोना आइसोलेशन सेंटर जैसे माध्यमों से ग्रामीणों को बड़ा लाभ हुआ।

डॉ. मुकुल भाटिया योजना के बजट के सवाल पर कहते हैं कि एकल आरोग्य प्रकल्प योजना के एक संच के तीन वर्षों का खर्च 35 लाख रुपये है। पूरे देश के 106 संचों में अभी आरोग्य प्रकल्प का कार्य चल रहा है, जिसके लिए प्रति तीन वर्ष 37 करोड़ 10 लाख रुपये का व्यय होता है। झारखण्ड और राजस्थान में दो आई वैन चल रही हैं जबकि आसाम और गुजरात में चश्मा प्रोजेक्ट चल रहा है जिसके तहत दो आरोग्य कार्यकर्ता मोटरसाइकिल पर चलते हैं और आँखों की जांच से लेकर प्राथमिक उपचार करते हैं। जिन्हें मोतियाबंद की शिकायत होती है, उन्हें उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में भेजा जाता है।

ग्राम टोगा में ग्रामीणों को आरोग्य प्रकल्प के विषय में समझाते डॉ. मुकुल भाटिया

एकल श्रीहरि रथ से आई सामाजिक जागृति

अंचल संत रविदास नगर में एकल श्रीहरि रथ का संचालन जनवरी, 2025 से हो रहा है। अपने प्रवास में मैं ग्राम विशुनपुर गया और वहां श्रीहरि रथ पूजन का भक्तिमय कार्यक्रम प्रत्यक्ष देखा। 50 से अधिक ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम प्रमुख श्री मनसाराम ने सपत्नीक श्रीहरि रथ में स्थापित श्रीराम दरबार का पूजन किया। भारत माता की आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण हुआ और फिर सभी ने श्रीहरि रथ में लगी बड़ी स्क्रीन पर रात में रामानंद सागर कृत रामायण देखी। जून, 2025 में श्रीहरि रथ के माध्यम से 32 ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, 94 परिवार हनुमान परिवार बने तथा 43 परिवारों में हनुमान चालीसा का वितरण किया गया वहीं जुलाई, 2025 में 62 ग्रामीणों ने नशामुक्ति की शपथ ली, 75 परिवार हनुमान परिवार बने तथा 32 ग्रामीण परिवारों को हनुमान चालीसा प्राप्त हुई। जुलाई, 2025 में 18 ग्रामों में ग्राम उत्सव मनाया गया जिसमें 209 पुरुष तथा 211 महिलाओं की सहभागिता रही वहीं 18 ग्रामों में ग्राम देवता पूजन किया गया जिसमें 46 पुरुषों सहित 54 महिलाएं उपस्थित रहीं। श्रीहरि रथ के क्षेत्र में चलने से सनातन संस्कारों का न सिर्फ प्रचार–प्रसार होता है बल्कि ग्रामीण छुआछूत, भेदभाव, जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों को भी त्याग देते हैं। इसके अलावा एकल श्रीहरि रथ के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों की कुत्सित मानसिकता पर भी रोक लगती है।

ग्राम विशुनपुर में श्रीहरि रथ मंदिर का ग्रामीणों द्वारा पूजन

सत्संग के माध्यम से एकजुट हो रहे ग्रामवासी

एकल श्रीहरि सत्संग समिति के तत्वाधान में गांव–गांव में हो रहे दैनिक, साप्ताहिक और मासिक सत्संगों के चलते ग्रामवासियों में सामाजिक एकजुटता आई है अर्थात ग्रामवासी बिना किसी भेदभाव और छुआछूत के सामूहिक रूप से मंदिर के प्रांगण में एकल कार्यकर्ताओं के सहयोग से सत्संग करते हैं। रेणुकूट अंचल के अंचल व्यास 65 वर्षीय श्री धरमन प्रसाद ने बताया कि सत्संग के चलते अंचल में व्यसनमुक्ति के लिए बहुत प्रयास हुए हैं। अंचल में बभनी, बीजपुर सहित झारखंड, बिहार की सीमा पर हिंदुओं का मतांतरण हो रहा था जिसे सत्संग के माध्यम से कम किया गया है। श्री धरमन प्रसाद प्रत्येक माह 4–5 एक दिवसीय कथाएँ तथा 10 से अधिक सत्संग करते हैं। रेणुकूट अंचल में 04 संच व्यास हैं जो श्री धरमन प्रसाद के मार्गदर्शन में क्षेत्र में संस्कार पक्ष को पुष्ट कर रहे हैं।

अपने प्रवास के क्रम में मैंने पिपरी संच के विद्यालय ग्राम बेलवादह में अंचल व्यास के नेतृत्व में गांव के पंचायत सचिवालय में सत्संग का लाभ लिया। 25 से अधिक ग्रामवासियों ने भारत माता और सरस्वती माता के पूजन के बाद संगीतमय सत्संग प्रारंभ किया। भजनों पर नाचते–झूमते ग्रामीणों को देखकर बड़ा अच्छा लगा। सत्संग के बीच में उत्तर प्रदेश पुलिस की गाड़ी आई जिसमें बैठे वरिष्ठ अधिकारी ने सत्संग सुना और भाव–विभोर होकर ग्राम प्रमुख को 500 रुपये देकर सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने एकल अभियान की भी प्रशंसा की। इसी प्रकार संच बभुनी के विद्यालय ग्राम बरवा टोला में संच व्यास श्री चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में ग्राम में सत्संग का आयोजन हुआ।

ग्राम बेलवादह में आयोजित सत्संग कार्यक्रम

सामाजिक समरसता को बढ़ा रही हैं श्रीहरि कथाएँ

ग्राम चोराटी दंडी में संच व्यास चमेली द्वारा शिव चरित्र कथा का श्रवण करते ग्रामीण

एकल श्रीहरि सत्संग समिति के तत्वाधान में ग्राम–ग्राम में कथाओं का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामवासियों के रहन–सहन, संस्कार एवं आध्यात्मिकता में सकारात्मक बदलाव हुआ है। सामाजिक समरसता बढ़ी है। सोनभद्र अंचल के अंचल व्यास मनोज कुमार ने बताया कि अंचल में 06 संच व्यास हैं जो प्रतिमाह 03 तीन दिवसीय कथाएँ तथा 10 एक दिवसीय कथा करते हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जिले के वनवासी बहुल अबाडी गांव से कथा के प्रभाव के चलते 02 एकल व्यास प्राप्त हुए। गांव में कोई मंदिर नहीं है और एकल के व्यास कथाकार ग्राम समिति के माध्यम से मंदिर बनवाने हेतु जागरण कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र के गांवों में रामकथा होने से दशहरा पर रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ है। गांवों में हिंदू धर्म के प्रति जागृति आई है।

अपने प्रवास में मुझे चोराटी दंडी गांव में संच व्यास चमेली के मुखारबिंद से चल रही शिव चरित्र कथा सुनने का अवसर मिला। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। 03 घंटे चली कथा के पश्चात ग्राम समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से सामूहिक भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। एकल के व्यास कथाकार जिस गांव में एकल विद्यालय नहीं होता, वहां के प्रधान/सरपंच से चर्चा करके, उनका सहयोग प्राप्त कर कथा करवाते हैं। एकल ग्राम समिति कथा के अवसर पर वाद्य यंत्रों की व्यवस्था करती है।

इस श्रावण मास में एकल समिति और व्यास कथाकारों के प्रयास से सभी समाजों से भरहरी गांव के 26, सलैयाडीह गांव के 22 तथा कोटा गांव के 08 लोगों को बाबाधाम देवघर तक कांवड़ यात्रा करवाई गई, जिसका क्षेत्र में अच्छा प्रतिसाद मिला।

अपनी जीवटता से प्रभावित कर रहे एकल कार्यकर्ता

बुद्धिनारायण गोंड

पूर्वी उत्तर प्रदेश संभाग में यूँ तो हजारों एकल कार्यकर्ता हैं और सभी पूर्ण समर्पण भाव से समाज सेवा में रत हैं किंतु कुछ कार्यकर्ताओं ने अपनी विशेष योग्यता के चलते सभी को प्रभावित किया है। अंचल रेणुकूट के ग्राम कुंडाडीह गांव के निवासी 34 वर्षीय श्री बुद्धिनारायण गोंड अंचल गतिविधि प्रमुख के पद पर हैं। आपको एकल अभियान से जुड़े 17 वर्ष हो चुके हैं और आपने आचार्य से लेकर अंचल स्तर तक अपनी कर्मठता की छाप छोड़ी है। एकल अभियान में सेवाव्रती श्री बुद्धिनारायण गोंड ने वर्ष 2024 में मधुमक्खी पालन प्रारंभ किया और अब तक 48,000 रुपये का शुद्ध लाभ कर चुके हैं। श्री बुद्धिनारायण ने जामपानी गांव के श्री रामकिशुन, भलही गांव के श्री सोनू मरकाम और बवनडीहा गांव के श्री राम अवतार को भी मधुमक्खी पालन का काम सिखा दिया है, जिससे उन्हें भी आर्थिक लाभ हो रहा है। श्री बुद्धिनारायण के परिवारीजन इस कार्य को करते हैं। संगठन कार्यों से निवृत्त होकर बुद्धिनारायण जी उनका मार्गदर्शन करते हैं।

मीरजापुर अंचल के संच बिहसड़ा के संच प्रमुख 36 वर्षीय श्री कृष्णा प्रसाद आज तीन टेलरों को काम/डिजाइन के हिसाब से 20,000–25,000 रुपये प्रतिमाह देते हैं। दरअसल, श्री कृष्णा प्रसाद टेलर हैं और घोसीपुर स्थित इनकी दुकान पर ये तीनों कारीगर काम करते हैं। श्री कृष्णा जब एकल विद्यालय में

कृष्णा प्रशाद

वीरेन्द्र कुमार

विकास राव

आचार्य बने तो इन्होंने साथ में सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया। मेहनत ऐसी कि दिन–रात सिलाई करते और शाम को एकल विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते। धीरे–धीरे हुनर बढ़ा तो नाम और काम भी बढ़ा। वर्तमान में श्री कृष्णा सभी प्रकार के खर्चे और मेहताना निकाल कर प्रतिमाह 20,000 से अधिक ही स्वयं के लिए बचा लेते हैं। शादी के सीजन और जून–जुलाई में स्कूल यूनिफार्म बनाने के चलते इनकी कमाई दो गुना बढ़ जाती है। अपने काम के साथ श्री कृष्णा प्रसाद एकल अभियान के लिए 20 दिन से अधिक का गांवों का प्रवास भी करते हैं, जो उनके संगठन के प्रति समर्पण भाव को दर्शाता है। यदि संगठनात्मक कार्यों की अधिकता हो तो इनके यहां कारीगर दुकान को संभालते हैं।

मीरजापुर अंचल के ही संच भटौलीघाट के संच प्रमुख और एकल विद्यालय के पूर्व छात्र श्री वीरेंद्र कुमार ने शिक्षा को लेकर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। श्री वीरेंद्र बेहद गरीब परिवार से हैं अतः शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक परेशानी हमेशा रही है। बचपन भी एकल विद्यालय में बीता और जैसे–तैसे विद्यालययीन शिक्षा प्राप्त की। एकल से जुड़ाव था तो आप एकल विद्यालय में आचार्य बन गए और तय किया कि अब शिक्षण कार्य कभी नहीं छोड़ेंगे। बाद में आर्थिक स्थिति सुधरी तो बीएससी (मैथ्स) किया और गांव के बच्चों को मैथ्स और साइंस की ट्यूशन पढ़ाने लगे। वर्तमान में आप 35 बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रहे हैं जिनमें से 15 अत्यंत गरीब बच्चों को आप निःशुल्क पढ़ाते हैं। ट्यूशन से जो भी आय होती है, उससे अपनी पढ़ाई का खर्च वहन करते हैं।

मीरजापुर अंचल के अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक प्रमुख श्री रामदास गुजरात में टेंकर चालक थे। वर्ष 2009 में जब घर वापस आये तो एकल से जुड़ गए। विजयपुर संच प्रमुख रहते हुए 10 से अधिक एकल आचार्यों को सेना, पुलिस, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया और सभी आज सरकारी सेवा में हैं।

अंचल बाबतपुर के अंचल अभियान प्रमुख श्री विकास राव चित्रकार/पेंटर हैं। श्री विकास राव ने एकल अभियान के लिए बड़ी संख्या में दीवार लेखन किया है। समय मिलने पर विकास कई बार पेंटर का काम करके प्रतिमाह 5,000–6,000 रुपये की आय अर्जित करते हैं।

अपने प्रवास में मैं ऐसे अन्य कई एकल कार्यकर्ताओं/सेवाव्रतियों/समिति पदाधिकारियों से मिला जिन्होंने एकल अभियान के साथ स्वयं के हुनर को निखारा और समाज में अन्य लोगों को जागरूक किया। यह ग्राउंड जीरो रिपोर्ट इस बात की साक्षी है कि विंध्याचल से काशी अंचल तक बहती यह एकल की सरिता ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर, संस्कारित और सशक्त बना रही है। ■

भूल सुधार

जुलाई–अगस्त, 2025 के अंक में पृष्ठ क्रमांक 11 पर ब्रजमंडल संभाग में अंचल, संचों एवं विद्यालयों की संख्या गलत लिखी गई थी। सही संख्या इस प्रकार है:

अंचल - 10
संच - 116
विद्यालय - 3480

सिद्धार्थ शंकर गौतम
प्रचार–प्रसार प्रभारी, एकल अभियान

(सहयोग- संतोष पासवान, राम कुमार, राजेश कुमार, रमेश कुमार, सोमनाथ, ज्योति नारायण, नीरज कुमार, रीता देवी, विकास कुमार, यशवंत कुमार, सुशील कुमार, विकास राव, राजेश कुमार)

लेख में प्रयुक्त सभी आंकड़े जुलाई, 2025 के हैं।

देशभक्ति के रंग
एकल के संग

मा. सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले जी दीप प्रज्जवलन करते हुए

"एकल को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए"

- मा. दत्तात्रेय होसबाले

एकल अभियान का चिंतन बैठक कोलकाता में संपन्न

अगस्त 16 व 17, 2025 को न्यू टाउन, कोलकाता स्थित होटल फेयरफील्ड में संघ के सरकार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले के मार्गदर्शन एवं सह सरकार्यवाह मा. आलोक कुमार की उपस्थिति में एकल अभियान की 2 दिवसीय चिंतन बैठक सम्पन्न हई। इस बैठक में एकल अभियान के सभी नगर संगठन, एकल ग्राम संगठन एवं कुछ प्रमुख सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक की विशेष बात यह रही कि एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ अमेरिका की ओर से भी तीन प्रतिनिधि– डॉ. राकेश गुप्ता– चेयरमेन, श्री महेश नेवानी वाइस–चेयरमेन, श्री सुब्रा द्रविड़– प्रेसीडेंट की प्रत्यक्ष उपस्थिति रही।

उद्घाटन सत्र में उपस्थित महिला प्रतिनिधियों द्वारा माँ भारती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए बैठक का शुभारम्भ किया गया। मंचस्थ पदाधिकारियों– मा. दत्तात्रेय होसबाले – मा. सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ, श्री राजेश गोयल – राष्ट्रीय अभियान प्रभारी, एकल अभियान व संयोजक, एकल कोर समिति, श्री सजन बंसल – चेयरमेन, आरोग्य फॉउण्डेशन ऑफ इण्डिया का बैठक का संचालन कर रहे श्री ललन कुमार शर्मा– केन्द्रीय अभियान प्रमुख, एकल अभियान द्वारा परिचय प्रस्तुत किया गया।

परिचय के उपरांत श्री सजन बंसल द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी आयामों से आपसी समन्वय तथा संवाद बढ़ाने के निवेदन के साथ संगठन में गुणवत्ता एवं आपसी विश्वास की कमी जैसी विभिन्न चुनौतियों एवं इसके लिए प्रभावी समाधान करने हेतु सभी का ध्यान आकृष्ट कराया।

स्वागत भाषण के उपरांत श्री राजेश गोयल द्वारा बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई जिसमें उन्होंने गत वर्ष मुम्बई में घोषित एवं नवगठित एकल कोर समिति तथा उसकी अब तक सम्पन्न कुल 11 बैठकों का कार्यवृत्त तथा लिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्णयों से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात उन्होंने सम्पूर्ण बैठक की संक्षिप्त रूपरेखा एवं विवरण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों से बैठक में सक्रियतापूर्वक हिस्सा लेने का आग्रह किया।

अलग–अलग सत्रों में एकल अभियान के सभी नगर संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ–साथ अलग–अलग आयामों के केन्द्रीय विषय प्रमुख सेवाव्रती कार्यकर्ताओं द्वारा अपने–अपने विषयों का PPT के माध्यम से प्रतिपादन तथा साथ में अपने–अपने विषय से सम्बंधित प्रतिनिधियों का परिचय भी करवाया गया। एकल विद्यालय फॉउण्डेशन ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधियों ने भी अपना प्रतिवेदन रखने के साथ भारत में चल रहे कार्यों की और गति बढ़ाने, कार्य में गुणवत्ता एवं रिपोर्टिंग सिस्टम में सुधार की अपेक्षा जताई। सभी प्रतिनिधियों ने अपने विषयों के प्रस्तुतीकरण में– संस्थान की रूपरेखा, वर्तमान कार्य की स्थिति, प्रमुख उपलब्धियाँ व नवाचार, प्रमुख चुनौतियाँ एवं प्रभावी समाधान, आगामी कार्ययोजना, समय–सीमा एवं सहयोग तथा अन्य संगठनों के साथ समन्वय की अपेक्षाएँ आदि जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

अभियान प्रमुख द्वारा सम्पूर्ण एकल अभियान की योजना विषय की प्रस्तुतिकरण में कुछ विशेष बिंदु उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष रखे गये–

- वर्तमान के विस्तार के अनुसार सम्पूर्ण अभियान के कार्य 22 प्रतिशत

जनजातीय एवं वनवासी क्षेत्र, 18 प्रतिशत (64 जिले) सीमावर्ती क्षेत्र तथा शेष 60 प्रतिशत संवेदनशील एवं सामान्य क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं।

- आगामी कार्ययोजना के अन्तर्गत विशेषरूप से संवेदनशील एवं सीमांचल के क्षेत्रों सहित अबतक विस्तार की दृष्टि से छूट रहे प्रांत मिजोरम में कार्य के विस्तार पर बल देते हुए विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से 4 लाख गांवों में सम्पर्क स्थापित करना।

- संगठन की बाहरी चुनौतियों में जनजातीय क्षेत्रों में मतांतरण तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अन्य संप्रदाय के लोगों द्वारा ग्रामीणों की भूमि पर जबरन कब्जा करने का षडयंत्र का सामना जैसी अन्य समस्याओं का उल्लेख किया गया।

केन्द्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों में – ग्राम संगठन की संरचना सरलीकरण, संगठनों के बीच आपसी समन्वय बना रहे इस हेतु एक से अधिक संस्थानों की संयुक्त परियोजनाओं को भविष्य में प्रोत्साहित न करते हुए केवल एक संस्थान द्वारा संचालित एकल परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की नीति, विभिन्न परियोजनाओं की पुष्टि एवं पूर्वनिर्धारण हेतु वैश्विक मूल्यांकन टीम (Global Appraisal Team) का गठन जैसे प्रमुख बिंदु शामिल रहे।

समापन सत्र के पहले मा. आलोक कुमार द्वारा एकल अभियान के विभिन्न पक्षों पर विचार एवं कुछ महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तुत किये गये–

- संघ विचार परिवार के विभिन्न संगठनों में एकल अभियान की अर्थव्यवस्था बहुत ही अच्छी है।

- विभिन्न जातियों– अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ी जातियों में आचार्यों तथा कार्यकर्ताओं के बीच एकल की संतोषजनक पहुँच है। अन्य संगठनों की पहुँच इतनी नहीं है।

- वनवासी क्षेत्रों में केवल एकल की पहुँच 70 प्रतिशत तक है, अन्य किसी संगठन की नहीं।

- बहुत सारे काम कार्यक्षेत्रों में एकल के बने रहने के कारण हुए हैं।

- एकल अभियान की रचना काफी अच्छी है किन्तु इस रचना के नियमों के पालन की आवश्यकता है।

- कार्यकर्ताओं को स्नेह देने की व्यवस्था के बारे में विचार किया जाना चाहिए।

- एकल विद्यालय केवल सहयोगी शिक्षा देने का कार्य करते हैं। एकल के प्रवेश मात्र से अन्य देश विरोधी संगठनों का वहाँ शामिल होना बाधित हो जाता है।

- संगठन के सभी सदस्यों को उदार मन से कमियों को अपना मानकर सुधार करने का मन बनाना चाहिए।

तत्पश्चात मा. आलोक कुमार द्वारा एकल कोर समिति की पुनर्गठित समिति की घोषणा की गईः

1. मा. आलोक कुमार
2. श्री राजेश गोयल (संयोजक)
3. श्री लक्ष्मी नारायण गोयल
4. श्री रमेश सरावगी
5. श्रीमती चन्द्रलेखा रूंगटा
6. श्री ललन शर्मा
7. श्री दीप कुमार
8. श्री खेमानन्द सापकोटा
9. सुश्री सीमा अजगाँवकर

अंत में मा. दत्ता जी द्वारा सम्पूर्ण बैठक का समापन उद्‌बोधन प्रस्तुत किया गया। उद्‌बोधन के कुछ प्रमुख बिंदु निम्नवत हैं :

- केवल समस्या का उल्लेख नहीं बल्कि उसके हल अथवा निराकरण का भी विचार करना चाहिए।

- समस्याओं से दूर रहने वाले व्यक्ति को उसके बारे में सोचने वाले व्यक्ति के स्थान पर स्वयं को रखकर सोचना चाहिए जिससे कि समस्या की वस्तुस्थिति पता चल सके।

- आँकड़ों से सिर्फ प्रयत्न ध्यान में आते हैं, भावना नहीं। अतः वृत्त निवेदन से हमें और भी बिन्दुओं के आधार पर आँकलन करना चाहिए।

- सारे औपचारिक कार्य समाज के प्रति कर्तव्य हैं तथा अनौपचारिक बातचीत ही एकल है। इससे ही लगभग सभी समस्याओं का समाधान सम्भव है। अतः अनौपचारिक वार्ता होती रहनी चाहिए।

- संवेदनशील तथा जनजातीय क्षेत्रों में एकल का कार्य पहुँचाएं जिससे कि वहाँ के लोगों की भारतीयता बनी रहे तथा भारतीय संस्कृति का संरक्षण हो सके।

- समाज के कमजोर हिस्से पर ही लोग वार करते हैं। अतः एकल को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए तथा यह कार्य ग्राम तथा नगर दोनों में होना चाहिए।

- जनजातीय समाज के बीच एकल उनका अपना बने, इसके लिए नियमित रूप से वनयात्राएँ सम्पन्न होनी चाहिए।

उद्‌बोधन की समाप्ति के पश्चात आनन्दमय वातावरण में एक वर्ष बाद और भी अधिक उत्साह एवं उपलब्धियों की नई उंचाईयों के साथ पुनः मिलने का संकल्प करते हुए सामूहिक कल्याण मंत्र से बैठक का समापन हुआ। ■

डॉ. ललन कुमार शर्मा
केन्द्रीय अभियान प्रमुख, एकल अभियान

What ₹5,000 Can Really Buy

Understanding the Need of Rural Bharat

In our cities, Rs. 5,000 is hardly noticed. It slips away over a weekend dinner, a pair of shoes, a cab ride, or a mobile bill. But in rural Bharat, this same Rs.5,000 is not just money—it is possibility. It is transformation. It is a seed that grows into dignity and self-reliance.

Here, Rs. 5,000 is not an expense it is an investment. It can turn a homemaker into an entrepreneur, a youth into a skilled professional, or a person with disabilities into a confident business owner. It can keep children in classrooms, put wholesome meals on plates, and replace helplessness with pride. In the villages of Bharat, Rs 5,000 doesn't merely buy things—it buys dreams, and those dreams lift entire families.

In a country where skyscrapers rise and luxury cars race, there is another India—quiet yet alive, humble yet hopeful. In this India, dignity outshines diamonds. A modest income can rewrite the destiny of a family. And this is the India that Ekal Abhiyan serves—an India where opportunities are rare, but aspirations never die.

We do not go there to build profits—we go there to build people. Our alumni do not measure their success in luxury brands or foreign holidays. Their victories are profound and real education for their children, healthcare for their families, respect in their villages, and freedom from dependence. Their festivals are celebrated not with extravagance, but with gratitude. Their wealth is self-reliance.

As Mahatma Gandhi said, “The best way to find yourself is to lose yourself in the service of others.” At Ekal, empowerment is not charity—it is awakening. It is not about giving from one’s abundance, but about sharing knowledge that ends dependence forever.

Sangeeta’s Thread of Freedom:

Once confined to her home, Sangeeta’s world was small, her hands tied by duty and lack of opportunity. At our Women Empowerment Centre, she learned tailoring. Today, she earns Rs. 5,000 – 6,000 a month, from the same home where she once felt powerless. She now stitches not only clothes, but her own destiny. With a smile, she says, “This is not just income—it is confidence. It is dignity.”

Anuj’s Digital Leap:

Anuj Patel of Prayagraj had never touched a computer. After completing our computer training course, he now earns Rs. 14,000 a month. But beyond the pay, it is the transformation within him those shines. “I walk differently now,” he says, “because I know I can stand on my own feet.”

Chhaya’s Unspoken Triumph:

Born without the ability to speak or hear, Chhaya Bhasker’s life was once bound by silence. Yet, her spirit was louder than her challenges. Through our tailoring course, she built her own business, earning Rs. 5,000 a month. Her message is powerful: “Disability is not inability. Opportunity changes everything.”

To outsiders, these incomes may look small. But in their homes, they are lifelines—the difference between uncertainty and stability, between dependence and dignity.

Swami Vivekananda’s words guide us: “Arise, awake, and stop not till the goal is reached.” Our people don’t dream of Ferraris or foreign vacations. Their dreams are rooted in their soil: to feed their families, educate their children, and contribute to their villages.

True empowerment is not about having more—it is about becoming more. Each time we train a woman, a youth, or a farmer, we do more than teach a skill—we light a lamp. That lamp spreads its glow from homes to communities, dissolving the darkness of poverty, despair, and dependence.

This is the India we dream of—self-reliant, strong, and hopeful. An India where every individual, no matter how small their beginning, can rise with dignity and live with purpose.

As Gandhi reminded us, “Be the change you wish to see in the world.” And together, through Ekal, we are being that change—one life, one skill, ■

Kr. Bhaskar Sharma
Executive Director,
Ekal Gramothan Foundation

Ekal Study Circle Expands Footprint in Tamil Nadu

Further, Dr. Gowri will initiate the establishment of an Campus Study Circle at her college, aiming to promote awareness and student engagement.

The Ekal Sansthan Tamil Nadu team will now begin facilitating Ekal Study Circle meetings across colleges and institutions in the region. For programmes such as the Ekal Rural Immersion (ERI), internships, and the Dream India Tour (DIT) for college students, interested institutions are encouraged to contact Dr. Gowri Ramachandran, the Sansthan Convenor.

Manju Didi with Tamilnadu team

Key leadership roles assigned and new institutional partnerships on the horizon

In a significant development for the Ekal Sansthan in Tamil Nadu, a successful meeting was held at the Chennai office of Sri Balaji to discuss the future roadmap of the Ekal Study Circle in the state.

Dr. Gowri Ramachandran has taken on the responsibility of serving as Margdarshak and Spokes person for Ekal Sansthan, Tamil Nadu. In her new role, she will also take charge of publishing the monthly E-bulletin, with contributions from all members to be coordinated through her.

Dr. Gowri introduced Dr. Bhooma, Principal of a prominent Chennai-based institution, who has agreed in principle to sign a MoU with Ekal Sansthan, marking a step toward deeper academic collaboration.

Dr. Bhooma, Manju Didi and Dr. Gowri Ramchandran

॥ एकल ॥

भारत लोक शिक्षा परिषद्

(एकल अभियान से संबंधित)

विश्व का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक शिक्षा संगठन

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

रजत जयंती वर्ष

मात्र ₹ 30 हजार में एक एकल विद्यालय

एक वर्ष तक संचालित होता है, जिसमें 20-25 बच्चे पढ़ते हैं।

Annual Donation

ONE SCHOOL	30,000/-
50 SCHOOL (PARAMVEER)	15,00,000/-
100 SCHOOL (SHATAKVEER)	30,00,000/-
1000 SCHOOL (MAHASHATAKVEER)	30,000,000/-

Donation through website

www.ekalblspindia.org

Donation through UPI

blsp.98721761@hdfcbank

Donation Under CSR - Account Details
Bharat Lok Shiksha Parishad
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi-110088
A/C NO. 467902010123677
IFSC code: UBIN0546798

Donation Under 80G - Account Details
Bharat Lok Shiksha Parishad
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi-110088
A/C NO. 467902050000186
IFSC code: UBIN0546798

चलो जलाएं शिक्षा का दीप वहां, जहां आज भी अंधेरा है...

Central Office : NS- 15, FD Block Pitampura, Delhi – 110034
Web.- www.ekalblspindia.org, Mail.- info@blspindia.org, Mob.- 9999399063, 8448386443, 7827207665

An Evening with Manju Didi

AN INSTITUTION OF INSPIRATION

On August 7th, I had the privilege of joining a small group of Ekal Vidyalaya's most dedicated volunteers for a cozy weekday dinner, graciously hosted by dear friends Ms Chavi and Sri Anupam in their warm and welcoming home. The intimate setting, filled with warmth and camaraderie, soon turned into an evening of profound inspiration.

The highlight was meeting Prof Manju Srivastava, who is fondly known as Manju Didi, a founding pillar of Ekal who has devoted nearly forty years to its mission. Listening to her felt like turning the pages of a living history. With conviction, humility, and a sparkle in her eyes, she transported us to the 1980s, when she visited remote tribal areas grappling with illiteracy, exploitation, and neglect. She recounted moments that still give her goosebumps - villagers eating squirrels despite living on fertile land that could yield abundant crops, communities unaware of their own resources, and children deprived of even basic education.

Manju Didi addressing team Boston

She spoke of the early struggles, the resilience of rural communities, and how Ekal schools slowly became beacons of hope. Her words revealed how Ekal's vision extends far beyond literacy, strengthening the nation through education, fostering self-sufficiency, and nurturing values rooted in Desh Bhakti (patriotism) and Sanskar Shiksha (value-based learning).

Manju Didi reminded us that a nation's progress is like building a home, it requires a strong foundation, protective walls, and a secure roof. Secure, self-reliant villages reduce urban migration, preserve dignity, and build lasting national strength. For a nation to feel secure, borders must be protected, but she stressed that a soldier without desh bhakti cannot truly serve. Patriotism must be instilled early,

From Adelaide to Rural Bharat

AVANTIKA'S PROMISE OF GIVING

My name is Avantika Swaminathan. I am in Year 4 at St. Joseph's Payneham in Adelaide, South Australia.

One evening, while my Nani and Mom were on a virtual meeting with a field Karyakarta named Sri Deep Kumar uncle, I saw something on the screen that stayed with me. Children were sitting on a mud floor, holding books and reciting a poem. They were part of an Ekal Vidyalaya in rural India. What struck me most was that they didn't have chairs or desks — not even shoes.

I felt unhappy. Why should children learn in such conditions?

I turned to my Nani and asked, "What can I do for them?"

She gently said, "If you save just one dollar a day, by the end of the year you'll have 365 dollars — enough to help buy books and other learning materials for those children. Your mom will send it to India."

That idea made me very happy. Later, when I visited India, my Nani gifted me a beautiful box. Now, every evening, after I recite the Gayatri Mantra, I place one dollar in that box. It's my small way of sharing love and hope. I told my Nani, "One day, I want to visit my village friends in India — and when I grow big, I want to do a lot more for them."

alongside meeting basic needs like food and shelter. And it all begins with awareness of one's resources, one's potential, and one's place in the larger story of the nation.

Ekal's multifaceted approach addresses these needs holistically, teaching organic farming, offering skill training for livelihoods, introducing computer literacy to bridge the rural–urban gap, and fostering cultural pride. As Manju Didi put it, if one cannot feel pride in their mother, they will never feel compelled to protect her.

Her message was simple yet profound: lasting change starts at the roots. Like a tree that bears fruit only when its roots are nurtured, a country thrives when all its people feel secure, empowered, and self-sufficient.

My own visits to Ekal schools in the past have shown me their unique ability to make learning joyful, drawing in children with excitement rather than obligation. Over four decades, Ekal has mastered the art of entering a village in a way that inspires the entire community to embrace education.

I left that evening inspired, grateful for the opportunity to hear her stories firsthand, and reminded of the quiet power of service rooted in love with the nation and its people.

Heartfelt congratulations to Smt Arushee Divyakriti and Smt Manisha Kumar on becoming the new co-presidents of the Ekal Boston chapter. With their passion and energy, I am confident the movement here will reach new heights. Our thanks to Sri Ram Nehra, pioneer in bringing Ekal's mission to the Boston area nearly 25 years ago; NE Regional President Smt Parveen Minocha; Executive Director Smt Manisha Jain; and board member Smt Meena Subramanyam for their unwavering support in making the evening truly meaningful. Smt. Jaya Srivastava warmly invited her long-time friends, Smt. Mamta and Sri Anand Bhadoria, to attend the meeting. Inspired by the discussions, they enthusiastically joined the Ekal Boston team immediately thereafter. ■

Manorama Choudhury
Ekal, USA

From Dream to Action Ground

Turning Aspirations into Reality through Focused Effort

A special two-day training camp for Sambhag-level Karyakartas of Ekal in South was successfully conducted at the Seva Nivas campus in Chennai, under the powerful theme "From Dream to Field." The primary objective of the camp was to deepen life clarity and enhance work effectiveness among the participants.

Key Highlights of the Training: The camp began with a powerful introspective session in which each participant was invited to visualize the final days of their life, surrounded by loved ones. They were encouraged to reflect on how they would like to be remembered. This vision was taken as their true-life goal, and the session then traced a reverse journey — from that imagined future to their current stage — outlining a practical path from aspiration to action. Ekal's mission and model were used as a living example to ground these reflections in real work.

The sessions explored subtle themes such as awareness, empathy, and emotional intelligence, while stressing the need for discernment in decision-making. Karyakartas learned how to resolve conflicts without alienating others, make decisions wisely and on time, and understand when to act, when to wait, and when to consult.

One of the most valuable lessons was learning to identify the central challenge at the root of multiple problems, thus avoiding emotional entanglement in unproductive matters. Participants were guided to recognize which responsibilities to embrace and which distractions to let go — enabling them to remain aligned with their core purpose.

The importance of allocating time for skill-building and cultivating a habit of continuous learning was strongly emphasized throughout.

Final Resolutions: At the close of the camp, participants collectively adopted the following key resolutions:

- To serve the nation with heartfelt dedication, while making decisions with thoughtful discretion.
- To take responsibility strictly within the scope of one's role.
- To strengthen the impact of work through the active functioning of samitis.
- To commit to continuous learning — both personal and team-oriented.

Outstanding Contributions: The entire camp was effectively conducted by P10 Prashikshan Prabhari Sri Madhavan. Special sessions were also graced by Tamil Nadu Samrakshak Sri T.V. Seshadri and P10 Prabhag Karyakarta Welfare In-Charge Smt. Gayathri, who generously shared their time, insights, and encouragement. The camp concluded with a special address by P10 Prabhag President Sri M. Balasubramaniam, whose reflective words added great value to the experience.

Dr. Lalan Sharma addressing the Karyakartas

Reflections from the Karyakartas: Participants expressed that the camp brought them profound clarity and direction — both in their Ekal responsibilities and personal lives. The focused nature of the sessions, tailored specifically to their leadership roles, offered them tools to function more effectively in the field.

Though this special Varga was organised for just six participants, these six represent the top management leadership for Ekal's operations in Tamil Nadu — overseeing over 1,200 villages, impacting more than 20,000 children and 50,000 families. Given the magnitude of their responsibility, a customized training module was essential to strengthen their leadership capacities. Inspired by the impact of this initiative, similar training camps are now being planned for karyakartas and acharyas across all operational levels.

An Inspiring Beginning

Mumbai Chapter's Orientation Course Reflects Energy, Clarity, and Seva Bhav



The Chapter Orientation Course (COC) of the Mumbai Chapter turned into a memorable and impactful gathering, hosted by the newly elected Chapter President, Sri Punit Goenka, at the elegant "CEO's Lounge" at Zee Entertainment Headquarters, Lower Parel.

The programme was graced by the presence of 65 members, including esteemed dignitaries - Sri Rameshwarlal Kabra (Bapuji), National Working President Sri Tribhuvan Kabra, West Zone President Sri Shyam Garg, and National Patron Smt. Nayantara Jain. Many participants were newly inducted members, bringing fresh energy to the forum. The session commenced on a spiritually resonant note with the three-time chanting of 'Om'. Sri Punit Goenka then extended a heartfelt welcome to all present, setting the tone for a purposeful orientation.

A moment of respect and gratitude was expressed as Smt. Lekha Roongta felicitated Sri Shyam Garg and Sri Tribhuvan Kabra with Sriphal.

Sri Srigopal Pachisia shared detailed insights from the recently held National Executive Council (NEC) meeting and Annual General Meeting (AGM) in Raipur, keeping the members abreast of key developments at the national level.

The orientation course was formally initiated by Mumbai Chapter Working President Sri Ghanshyam Das Mundra, who delivered a crisp, structured, and engaging session introducing the foundational principles and operational framework of Friends of Tribals Society (FTS). His address provided clarity on member roles, responsibilities, and the significance of regular meetings—earning appreciation from all attendees for its practical relevance and clarity.

Subsequent addresses by West Zone President Sri Shyam Garg and National Working President Sri Tribhuvan Kabra offered valuable guidance and direction, reaffirming the vision and goals of the organization.

The highlight of the session was the 'Ashirvachan' by Bapuji Sri, whose inspiring words deeply touched the gathering. He emphasized the essence of 'Niswarth Seva Bhav'—selfless service by FTS Sevavratis and full-time Karyakartas working tirelessly in tribal areas, reminding everyone of the soul of the mission.

The event concluded with a vote of thanks by Mumbai Mahila Samiti President Smt. Sushma Daga, expressing gratitude to all dignitaries, members, and volunteers. The session ended with the Shanti Path, followed by a networking high tea.

The Chapter Orientation Course not only served as an induction but also rekindled the commitment of members toward the larger goal of national development through education and service.

AAPI-TN Donates $31,000 to Ekal

The American Association of Physicians of Indian Origin – Tennessee Chapter (AAPI-TN) has demonstrated its commitment to social responsibility by donating $31,000 to Ekal Vidyalaya Foundation. This generous contribution will directly support Ekal's mission of providing holistic education to children in remote and underserved rural areas across Bharat.

The partnership reflects a shared vision of uplifting marginalized communities through literacy, values-based education, digital skills, and basic health awareness. AAPI-TN's support not only brings hope to thousands of rural families but also strengthens the broader movement of nation-building through grassroots empowerment.

Ekal Tamil Nadu's Northern Pilgrimage

In a one-of-its-kind initiative, Sri Balasubramaniam, President of the P10 Chapter of Ekal, had recently organized a trip covering places of religious importance of Sanathan Dharma in UP. The travelling group was comprised of 23 of his Karyakartas and 6 Samiti members. It was a 10-day affair beginning on August 13, 2025, and culminating on 23rd August 2025, and included Mathura, Varanasi, Chitrakoot, Prayagraj, Ayodhya, Lucknow and Naimisharanyam.

The tour was a reward for the excellent service rendered by the Karyakartas and had been financed totally by the Samiti members. It stands out as a commendable and exemplary act, not only because of the magnanimity of heart that it reflects, but also because of the very positive fallout it will surely engender. It is bound to expand the horizons of the Karyakartas who probably had been working within a limited sphere and will give them a sense of being valued and honoured. This opportunity will foster greater connectivity between the deep southern regions of Bharat and the north. It will strengthen the roots of Sanatan by bringing alive the Itihaas of our avatars, and it will also strengthen the spirit of patriotism that comes from experiencing the glory of the nation.

Sri Balasubramaniam has shown to us a path that needs to be followed for enhancing Ekal's power.

एक प्रयास गांव की ओर

एफटीएस युवा टीम द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाओं की प्रभावशाली श्रृंखला

गांव के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एफटीएस युवा टीम, इंदौर द्वारा चलाया जा रहा "एक प्रयास गांव की ओर" अभियान निरंतर प्रभावशाली, शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक सत्रों का माध्यम बन रहा है। यह अभिनव प्रयास न केवल बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में, बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और संस्कारयुक्त नागरिक के रूप में गढ़ने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

1. **आयुर्वेद और जीवनशैली पर सत्र:** बच्चों को स्वस्थ जीवन की नींव रखने वाली दिनचर्या, योग, प्राणायाम, ध्यान, प्राकृतिक उपचार और संतुलित आहार जैसे विषयों पर सरल व प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया गया। यह बताया गया कि अच्छी आदतें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन के लिए भी आवश्यक हैं।

2. **स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर कक्षा:** स्वच्छता के महत्व को बच्चों के साथ संवादात्मक शैली में साझा किया गया। जैसे; हाथ धोने की विधि, नियमित स्नान, दांतों की सफाई, साफ–सुथरे वस्त्र पहनना और स्वच्छ परिवेश बनाए रखना; इन सभी बातों को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ सिखाया गया।

3. **गुड टच और बैड टच पर संवेदनशील सत्र:** बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श में भेद समझाने हेतु कहानी व चित्रों का प्रयोग किया गया। साथ ही, उन्हें आत्म–सुरक्षा के सरल उपाय बताए गए और जरूरत पड़ने पर संपर्क किए जाने वाले हेल्पलाइन नंबर भी सिखाए गए।

4. **संवादात्मक पाठशाला:** नैतिक शिक्षाओं से युक्त कहानियाँ; गांव में आयोजित विशेष पाठशाला में छोटे–छोटे प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी गई – वीर बालक जोरावर और फतेह सिंह – धर्म की रक्षा हेतु दो नन्हें वीरों का प्रेरणादायक बलिदान।

5. **ईश्वर सर्वव्यापक हैं:** यह समझाना कि हमारे प्रत्येक कर्म पर परमात्मा की दृष्टि रहती है। बुरी आदतों का त्याग बचपन में ही संभव और आवश्यक होता है।

इन सभी सत्रों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास; स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मबल और चरित्र निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। अब तक इस अभियान से कई गांवों के बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं और यह यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

ओडिशा के मुख्यमंत्री द्वारा एकल अभियान रथ का भव्य उद्घाटन

एकल अभियान के केऊझंर अंचल (ईस्ट ओडिशा) में द्वितीय रथ यात्रा का उद्घाटन समारोह एक अत्यंत गरिमामयी एवं ऐतिहासिक अवसर बन गया। यह समारोह जिला मुख्यालय, केऊझंर के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें ओडिशा के मा. मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण मांझी ने दीप प्रज्ज्वलन कर रथ का विधिवत उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में रथ को पुष्पों एवं पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरे वातावरण में एक उल्लास और भक्ति का संचार हुआ। उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय ने एकल अभियान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "ग्रामीण शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एकल का योगदान अनुकरणीय है। यह रथ केवल एक वाहन नहीं, बल्कि ज्ञान, सेवा और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की यात्रा का प्रतीक है।"

इस अवसर पर ओडिशा संभाग के रथ प्रभारी श्री बसंत कुमार दानी, भाग रथ प्रभारी श्री उमाकांत दास, तथा स्थानीय समिति के प्रमुख कार्यकर्ता श्री सरोज कुमार साहू, श्री रबिंद्र कुमार जैन, महंत श्री अखिला नायक, श्री विवेक महंत, श्री अजय कुमार दास तथा अन्य अनेक समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकल के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, ग्रामीण प्रतिनिधि, महिला समूह, युवा स्वयंसेवक तथा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। रथ के साथ–साथ जनजागरण के नारों और एकल गीतों ने पूरे आयोजन को प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया।

एकल श्रीहरि मंदिर 98वें रथ का उद्घाटन

98वें एकल श्रीहरि मंदिर रथ का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन श्री हरिचरण गर्ग के निवास स्थान पर संपन्न हुआ। यह रथ गर्ग परिवार द्वारा संस्था को समर्पित किया गया है। समारोह में श्री सजन कुमार बंसल ने श्री हरिचरण गर्ग को दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया, तथा श्री रमेश सरावगी ने गर्ग परिवार को गौ माता की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की। समस्त गर्ग परिवार ने श्रद्धापूर्वक रथ में विराजमान राम दरबार की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री हरिचरण गर्ग के सुपुत्र, श्री अजय गर्ग ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न आयामों की भूरी–भूरी प्रशंसा की और भविष्य में संस्था के साथ तन–मन–धन से समर्पित रहने का आश्वासन भी दिया।

यह रथ विशेष रूप से ईस्ट उड़ीसा के ग्रामीण अंचलों में एकल अभियान के अंतर्गत संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से श्री रमेश माहेश्वरी, श्री राकेश झुनझुनवाला, श्री विजय माहेश्वरी, श्री बुलाकी दास मिमाणी, श्रीमती अलका मोदी, श्रीमती जयश्री मोहता, श्रीमती आशा झुनझुनवाला एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुभाष मुरारका द्वारा किया गया।

दिल्ली महिला समिति
एकल अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम

दिल्ली महिला समिति द्वारा एकल अभियान के अंतर्गत अशोक होटल तथा एस.एल. हाउस, मालवीय नगर, नई दिल्ली में वनबंधु परिषद् (Friends of Tribals Society) का विशेष स्टॉल लगाया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य एकल वनबंधु परिषद् की गतिविधियों, लक्ष्यों और प्रयासों का व्यापक प्रचार–प्रसार करना था। आयोजित स्टॉल में एकल के जैविक उत्पादों – जैसे ऑर्गेनिक हल्दी, शुद्ध सरसों का तेल एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों को न केवल आगंतुकों द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हुई, बल्कि लोगों ने एकल द्वारा स्वदेशी, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग एवं जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की।

इस अवसर ने आगंतुकों को ग्राम विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की एकल संकल्पना से जोड़ने का कार्य किया, साथ ही लोगों को एकल अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित भी किया।

समर्पण की सराहना – एकल के वरिष्ठ कर्मवीरों को नमन
(पी–9 प्रभाग, दक्षिण भारत – कार्यकर्ता विभाग द्वारा सम्मान समारोह)

एकल अभियान दक्षिण भारत के प्रभाग 9 के कार्यकर्ता विभाग द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन वनबन्धु परिषद् कार्यालय, तेलंगाना चैप्टर में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दीपक जैन (शामली, उत्तर प्रदेश), विशिष्ट अतिथि श्री विनोद अग्रवाल (उपाध्यक्ष, दक्षिण क्षेत्र), प्रभाग अध्यक्ष डॉ. रमन्ना, तथा केंद्रीय सह–अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार उपस्थित रहे। इनके साथ–साथ ग्राम संगठन, महिला समिति, युवा समिति के प्रतिनिधि एवं अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता भी समारोह में सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि श्री दीपक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि "पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ–साथ समाज सेवा में भागीदारी जीवन को सार्थक बनाती है।"

मुख्य वक्ता श्री दीप कुमार ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा – "हमारा इतिहास हमें बार–बार चेताता है – यदि हम संगठित न हुए तो हमारी सांस्कृतिक अस्मिता संकट में पड़ सकती है। समय की मांग है कि हम एकल अभियान जैसे संगठनों के माध्यम से समाज को संगठित कर राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान दें।"

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा 21 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान – उन्हें प्रशस्ति पत्र और सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जो उनके सेवा योगदान का प्रतीक बनेंगी। कार्यक्रम के दौरान महिला समिति द्वारा रक्षाबंधन का आयोजन भी अत्यंत भावनात्मक एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें संगठनात्मक एकता और परिवार भाव की सुंदर झलक देखने को मिली। समारोह के अंत में प्रभाग अध्यक्ष डॉ. रमन्ना ने सभी अतिथियों, समिति सदस्यों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

एकल श्रीहरि मुंबई द्वारा श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का प्रेरक व्याख्यान

एकल श्रीहरि मुंबई द्वारा वालेचा सभागार, जुहू में प्रख्यात वक्ता श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान मुख्यतः देश की वर्तमान परिस्थितियों और ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित था। श्री कुलश्रेष्ठ ने समाज को आगाह करते हुए कहा कि हमें सनातनी परंपराओं और मूल्यों को ध्यान में रखकर राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए, ताकि राष्ट्र सुरक्षित और सुदृढ़ बन सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों सहित अनेक प्रमुख दानदाताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अटलांटा चैप्टर संपर्क बैठकः एकल के उद्देश्यों पर सार्थक विमर्श

अटलांटा चैप्टर की संपर्क बैठक का आयोजन अगस्त 10, 2025 को श्री शिवकुमार अग्रवाल (अटलांटा के प्रथम भारतीय मॉल ग्लोबल मॉल के स्वामी एवं चैप्टर प्रभारी) की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में विश्व हिंदू परिषद की अध्यक्षा सहित भारत से श्री राजीव अग्रवाल एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल उपस्थित रहीं। बैठक का प्रारंभ राष्ट्र और समाज के व्यापक परिदृश्य पर चर्चा से हुआ, जिसमें विशेष रूप से इन बिंदुओं पर विचार–विमर्श हुआः बीएलएसपी और ईजीएफ के कार्यों की दिशा एवं प्रभाव, दुर्गम क्षेत्रों में सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की भूमिका, महिला शक्ति का योगदान, भारत की परिस्थितियों में एकल की प्रासंगिकता एवं भविष्य की भूमिका, एकल के पाँच आयामों पर केंद्रित जिज्ञासापूर्ण चर्चा। बैठक के समापन पर, नवंबर में एक बड़े सम्मेलन (300–400 प्रतिभागियों) का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम

An Evening for the Nation & Culture

अगस्त 25, 2025 को भारत लोक शिक्षा परिषद, पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम नोएडा में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि एकल विद्यालय केवल ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा ही नहीं दे रहा है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कारों और मूल्यों से भी जोड़ रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से निवेदन किया कि वे एकल विद्यालयों में सहयोग देने के साथ ही एक बार विद्यालयों को देखने अवश्य जाएं ताकि वे प्रत्यक्ष रूप से एकल के कार्य का अनुभव कर सकें। श्री पी.के. जैन चेयरमैन, पूर्वी दिल्ली चैप्टर ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी महानुभावों से एकल में जुड़ने का आग्रह किया और सभी का हृदय से धन्यवाद किया।

डिब्रूगढ़ महिला समिति द्वारा फिजियोथेरेपी सेमिनार का आयोजन

डिब्रूगढ़ महिला समिति द्वारा जिमखाना क्लब में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. श्रीकांत सिकटिया ने "फिजियो थेरेपिस्ट के पास कब जाएं – झोलाछाप से सावधान रहें" विषय पर एक अत्यंत उपयोगी और जागरूकता पूर्ण व्याख्यान दिया।

अपने सारगर्भित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उन्होंने उपस्थित सदस्यों को सही समय पर फिजियोथेरेपी की आवश्यकता तथा अनधिकृत चिकित्सकों से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया तथा उन्होंने उपस्थित जनों के प्रश्नों का सहज ढंग से उत्तर देकर सभी को संतुष्ट किया। सेमिनार द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने भरपूर लाभ उठाया और प्रशंसा की। एकल अभियान क्या है और इसके महत्व पर एक संक्षिप्त प्रेजेंटेशन भी दिया गया और लोगों ने एकल से जुड़ने की इच्छा भी प्रकट की।

वनबंधु परिषद् एवं श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता चैप्टर की वार्षिक सभा एवं योजना बैठक संपन्न

वनबंधु परिषद् एवं श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता चैप्टर की वार्षिक सभा और योजना बैठक एकल भवन, कोलकाता में आयोजित की गई। कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष श्री किशन कुमार केजरीवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया और सचिव श्री नीरज हाडोदिया ने गत बैठक के मिनट्स और रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष श्रीमती गौरी अग्रवाल ने लेखा विवरण साझा किया। विभिन्न समितियों – दक्षिण कोलकाता, साल्ट लेक, हावड़ा, महिला समिति, एफटीएस युवा एवं सेवा पात्र – की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

श्रीहरि सत्संग समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीप रावलवासिया और सचिव श्री सुभाष मुरारका ने अपनी–अपनी रिपोर्ट दीं। कोषाध्यक्ष श्री रामलाल मूंधड़ा ने लेखा रिपोर्ट व लेखा परीक्षक की नियुक्ति की जानकारी दी। अभियान कार्यालय, अंचल कार्यों एवं आरोग्य फाउंडेशन की रिपोर्ट क्रमशः श्रीमती शोभा गुप्ता और श्री मनोज कुमार मोदी द्वारा प्रस्तुत की गई।

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री रमेश माहेश्वरी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें श्री महेंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष) व श्री मनोज कुमार चेतानी (सचिव) को वनबंधु परिषद् और श्री प्रवीण अग्रवाल (अध्यक्ष) व श्री विकास पोद्दार (सचिव) को श्रीहरि सत्संग समिति कोलकाता चैप्टर का दायित्व सौंपा गया। वरिष्ठ मार्गदर्शक श्री सजन बंसल ने नवगठित समिति को शपथ दिलाई।

नव–चयनित पदाधिकारियों ने आगामी वर्ष की कार्य योजनाएं व कैलेंडर प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश सरावगी एवं संघ के प्रांत प्रचारक श्री प्रशांत भट्ट ने अपने प्रेरक विचार रखे। अंत में नवसचिव श्री मनोज कुमार चेतानी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में श्री राकेश झुनझुनवाला, श्री बुलाकी दास मिमानी, श्री नटवर बंग, श्री अनिल करीवाला सहित अनेक गणमान्य सदस्य, कार्यकर्ता एवं दानदाता उपस्थित रहे।

दिल्ली महिला समिति की वन-यात्रा
ग्रामीण भारत के नन्हें दीपों से संवाद, सेवा और सीख का अनुभव

वनबंधु परिषद, दिल्ली महिला समिति ने नए सत्र की पहली वनयात्रा का आयोजन उत्साह और सेवा–भाव के साथ किया। यह यात्रा हरियाणा के पलवल जिले की ओर थी, जहाँ समिति की बहनों ने ग्रामीण भारत की आत्मा से जुड़ने का जीवंत अनुभव प्राप्त किया।

यात्रा की शुरुआत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के दर्शन से हुई, जहाँ सभी सदस्यों ने शांतिपूर्वक प्रार्थना कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इसके पश्चात 13 सदस्यीय दल ने चिरसी गांव और सिडोला गांव स्थित दो एकल विद्यालयों का भ्रमण किया, जहाँ 60 बालकों से आत्मीय मिलन हुआ।

विद्यालय पहुँचने पर बच्चों ने पारंपरिक शैली में अक्षत, तिलक, तथा हाथों से बनी अशोक पत्तों की मालाओं से सभी का स्वागत किया।

बच्चों ने गायत्री मंत्र, शिव स्तोत्र और देशभक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी। योग के तहत वृक्षासन, शीर्षासन आदि के प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया। विशेष रूप से यह जानकर आश्चर्य हुआ कि इन बच्चों को अहमदाबाद प्लेन क्रैश, पहलगाम हत्याकांड और ऑपरेशन सिंदूर जैसी समसामयिक घटनाओं की पूर्ण जानकारी थी। इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय युद्ध परिस्थितियों की समझ भी उनकी जागरूकता का प्रमाण थी – जो एकल विद्यालयों की गुणवत्ता और जागरूक शिक्षा प्रणाली को दर्शाता है।

समिति की ओर से सभी बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, पेंसिल बॉक्स, केक और उपयोगी पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट की गईं। कार्यक्रम में कार्यकर्ता भाइयों, बहनों और आचार्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। ■

एफ टी एस
प्रचार विभाग, दिल्ली

सेवा, संवाद और संकल्प की ओर एक कदम
दक्षिण दिल्ली बीएलएसपी चैप्टर की हिमाचल वनयात्रा

भारत लोक शिक्षा परिषद् (बीएलएसपी), दक्षिण दिल्ली चैप्टर द्वारा हिमाचल प्रदेश के सुंदर पर्वतीय क्षेत्र पालमपुर में एक प्रेरणास्पद वनयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 33 सदस्यों ने भाग लिया। इस यात्रा की विशेषता यह रही कि इनमें से 20 प्रतिभागी पहली बार एकल के कार्यों को समझने व इससे जुड़ने के उद्देश्य से वनयात्रा पर गए थे।

यात्रा के दौरान सभी वनयात्री हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले स्थित तपोवन संच के ग्राम कोहाला में संचालित एकल विद्यालय पहुँचे। यहाँ उन्होंने विद्यालय की गतिविधियाँ अत्यंत तन्मयता से देखीं, बच्चों से आत्मीय संवाद किया और ग्राम समिति के सदस्यों से गांव में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की।

वनयात्रियों ने नगरोटा बगवां संच के ठारु एकल विद्यालय का भी भ्रमण किया, जहाँ बच्चों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। चैप्टर के चेयरमैन व अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके अनुभव साझा किए। सभी वनयात्रियों ने एकल के प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा जताई। ग्राम रसेड़ में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में श्रीहरि कथाकार बहनों ने रामायण के राम–केवट प्रसंग पर अत्यंत ओजस्वी और भावपूर्ण कथा प्रस्तुत की। ■

प्रचार-प्रसार विभाग
भारत लोक शिक्षा परिषद् (बीएलएसपी)

संवेदनाओं से संजोया सेवा-संवाद नागपुर महिला समिति की वनयात्रा, सिबला संच, पांढरकवड़ा अंचल

नागपुर महिला समिति द्वारा एक प्रेरणादायक वनयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 वनयात्रियों ने भाग लिया – जिनमें 12 सदस्य पहली बार इस सेवा यात्रा का हिस्सा बने। यह यात्रा नागपुर से लगभग 170 किमी दूर स्थित पांढरकवड़ा अंचल के सिबला संच के दो एकल विद्यालयों – हिवरा (दोपहर 2:00 बजे तक) एवं रामपुर (2:30 से 5:00 बजे तक) – के अवलोकन हेतु सम्पन्न हुई।

विद्यालय पहुँचने पर भारत माता की पूजा एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोनों विद्यालयों की गतिविधियों को आचार्यों ने विस्तार से बताया, जिससे अतिथिगण अत्यंत प्रभावित हुए। डॉ. अंजलि जैसी एक अतिथि ने तो स्वयं को एकल परिवार से जोड़ते हुए सदस्यता भी ले ली। हिवरा विद्यालय के दानदाता श्री जगदीश पालीवाल, अपने दो बच्चों सहित इस यात्रा में सम्मिलित हुए।

डा. अदिति द्वारा दोनों विद्यालयों के 44 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने आयरन, कैल्शियम की कमी तथा पेट में कीड़े जैसी समस्याओं से ग्रसित 12 बच्चों के लिए विशेष उपचार संबंधी सुझाव लिखित रूप में आचार्य को सौंपे। श्रीमती सरला सोमानी ने सभी बच्चों को सेब वितरित कर पौष्टिक आहार का संदेश दिया। यह देखकर प्रसन्नता हुई कि शेष 32 बच्चे पूर्णतः स्वस्थ पाए गए – जो एकल आरोग्य अभियान की सफलता को दर्शाता है। ■

श्रीमती ममता केडिया
सचिव, नागपुर महिला समिति

स्मरणीय वनयात्रा

रविवार का दिन ग्वालियर चैप्टर के लिए अत्यंत स्मरणीय रहा। इस दिन आयोजित वनयात्रा (एकल विद्यालय दर्शन) ने सभी सदस्यों को आत्मीयता, सेवा और संस्कार से भरा हुआ अनुभव प्रदान किया।

सुबह जीवाजी क्लब में एकत्रीकरण के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले भगवानपूरा ग्राम विद्यालय पहुँचा गया। बच्चों ने अनुशासित और प्रेरणादायक ढंग से अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विशेष रूप से कृष्ण–सुदामा नाटक ने सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास और संस्कारित जीवन की झलक से सभी प्रभावित हुए।

इसके बाद यात्रा समराई ग्राम विद्यालय पहुँची। यहाँ मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। बच्चों और सदस्यों की सहभागिता मनमोहक रही। विशेष आकर्षण पूर्वाध्यक्ष श्री आर.पी. अग्रवाल का सहभाग रहा, जिसने कार्यक्रम में और भी उत्साह भर दिया।

इस वनयात्रा में चैप्टर, महिला समिति और युवा समिति के अध्यक्ष सहित अनेक सदस्य सम्मिलित हुए। विशेष रूप से नए दानदाताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने उत्साहपूर्वक यात्रा में भागीदारी की। ■

प्रचार-प्रसार विभाग
ग्वालियर

सेवा को जीवन बना देने वाले श्री अतुल शाह

खंडवा की पावन धरती पर अक्टूबर 7, 1968 को श्रीमती इंदिराबेन शाह के पुत्ररत्न के रूप में जन्मे श्री अतुल शाह का जीवन एक ऐसा उदाहरण है, जहाँ सेवा, संगठन और सामाजिक उत्तरदायित्वों का अद्‌भुत समन्वय देखने को मिलता है। एक सामान्य परिवार में जन्मे, श्री शाह बचपन से ही आत्मनिर्भरता, कड़ी मेहनत और समाज के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरित रहे हैं।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा खंडवा के माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय विद्यालय से हुई। आगे चलकर उन्होंने गणित–विज्ञान विषय से माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की और बाद में BA, LLB की पढ़ाई भी की, हालांकि आर्थिक कारणों से अंतिम वर्ष अधूरा छोड़ना पड़ा। जीवन ने उन्हें समय से पहले परिपक्व बना दिया।

उनके पिता श्री रणछोड़दास शाह एक कृषक थे, जिनसे उन्होंने कर्मठता और ग्रामीण भारत के प्रति प्रेम सीखा। उन्होंने वर्ष 1987 में डेयरी व्यवसाय से अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत की। व्यापार में आरंभिक असफलताओं के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्लास्टिक टैंक, किचनवेयर, हाउसहोल्ड आइटम और फर्नीचर व्यवसाय में निरंतर प्रगति की। वर्ष 2003 में उन्होंने जिले का सबसे बड़ा फर्नीचर शोरूम स्थापित किया। वर्ष 2022 में उन्होंने जर्मन तकनीक से युक्त मॉड्यूलर फर्नीचर निर्माण इकाई की स्थापना की।

उनकी पत्नी श्रीमती बीना शाह, कोच्चि (केरल) से हैं। विवाह से पूर्व वे बैंक में कार्यरत थीं, परंतु विवाह उपरांत पारिवारिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने सेवा और व्यवसाय में सहभागी बनना चुना। उनके दो पुत्र प्रतीक (CA) और कार्तिक (सिविल इंजीनियर) पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। बड़ी बहू खुशबू (MBA) भी व्यवसाय में सक्रिय हैं।

सामाजिक सेवा का प्रारंभः श्री शाह का सामाजिक जीवन टेबल टेनिस से प्रारंभ हुआ, जहाँ वे विश्वविद्यालय चैंपियन रहे। यहीं से उन्हें रोटरी परिवार से जुड़ने की प्रेरणा मिली। रोटरेक्ट क्लब के दो वर्षों तक अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने युवाओं में सेवा भावना विकसित की।

एकल अभियान से आत्मिक जुड़ावः वर्ष 2005 में उन्होंने एकल अभियान के कार्यों में भाग लेना शुरू किया। वर्ष 2008 में वे नियमित सदस्य बने और वर्ष 2011 में उन्हें खंडवा अंचल अभियान अध्यक्ष का दायित्व मिला। उन्होंने न केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाई, बल्कि कार्य की गुणवत्ता और समाज के साथ जुड़ाव को भी गहरा किया।

उनके कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण घटना थी – खंडवा अंचल के कुछ एकल ग्रामों में कुपोषण की गंभीर स्थिति, जिससे कई बच्चों की मृत्यु हुई। प्रशासन असहाय था क्योंकि आदिवासी परिवार झाड़–फूंक पर अधिक विश्वास करते थे। जिला प्रशासन के आग्रह पर श्री शाह ने यह चुनौती स्वीकार की और एकल के आचार्यों व संच प्रमुखों की मदद से घर–घर सर्वे कर 189 कुपोषित बच्चों को अस्पताल तक पहुँचाया। अस्पताल में रहने, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं की संपूर्ण जिम्मेदारी एकल ने निभाई और सारे बच्चे स्वस्थ होकर अपने घर गए। यह एकल की समाज में स्वीकार्यता और प्रभाव का जीवंत प्रमाण बना। कलेक्टर महोदय बाल गोपाल समागम कार्यक्रम में धन्यवाद देने खुद समय मांगकर आए और एकल का धन्यवाद किया।

बाल गोपाल समागमः यह आयोजन अतुल जी के नेतृत्व में एक अद्वितीय प्रयास था। 100 बच्चों को सुदूर ग्रामों से चुनकर उन्हें शहर के संभ्रांत परिवारों की एक दिन की गोद दी गई। बच्चों ने पहली बार शहर देखा, अच्छे वस्त्र पहने, परिवारों के साथ घूमे और भावनात्मक जुड़ाव का अनुभव किया। संध्या को जब बच्चे वापस लौटे, तो वह दृश्य अत्यंत मार्मिक था – जैसे किसी बेटी की विदाई हो रही हो।

इस आयोजन में 3,000 से अधिक नागरिक, कलेक्टर, जनप्रतिनिधि, और केंद्रीय एकल नेतृत्व शामिल हुआ। यह कार्यक्रम खंडवा में एकल के सामाजिक–सांस्कृतिक प्रभाव का प्रतीक बन गया।

अन्य उल्लेखनीय पहल

- एकल ग्रामों में संपर्क कर 620 से अधिक मरीजों के लिए नेत्र चिकित्सा और मोतियाबिंद ऑपरेशन।
- देशभर में सबसे अधिक धन संच करने के लिए खंडवा संच को प्लेटिनम् सम्मान। मा. श्याम गुप्त ने खंडवा जाकर उन्हें सम्मानित किया।
- कोरोना काल में प्रवासी श्रमिकों के लिए भोजन, आश्रय और टीकाकरण की समग्र व्यवस्था।
- सेवा भारती के माध्यम से कोविड मरीजों की अस्पतालों में सेवा और उनके परिवारों से संवाद सुनिश्चित करना।

- चलित चिकित्सालय और कोविड वैक्सीनेशन का मॉडल, जिसे मध्यप्रदेश शासन ने राज्यभर में अपनाया।

संगठनात्मक नेतृत्वः श्री शाह ने न केवल एकल अभियान में, बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, और दिव्यांग आश्रम के ट्रस्टी के रूप में योगदान दिया है।

वर्ष 2022–25 तक वे एकल अभियान के प्रभाग पी 7 (म.प्र. एवं राजस्थान) के अध्यक्ष रहे। मई 2025 से वे एकल ग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में ग्राम विकास, संस्कार, शिक्षा और स्वावलंबन की चारों दिशाओं में संगठन कार्य प्रखरता से बढ़ रहा है।

श्री अतुल शाह का जीवन इस बात का साक्ष्य है कि जब सेवा भावना, संगठन कौशल और पारिवारिक मूल्य एक साथ चलें, तो वह जीवन न केवल स्वयं के लिए सार्थक होता है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। उन्होंने संगठन के हर कार्यकर्ता को इस बात का अहसास कराया है कि उनका योगदान भारत के वैभवपूर्ण भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उनकी कार्यशैली में अनुशासन, संवेदनशीलता और नेतृत्व कौशल स्पष्ट झलकता है। वे स्वयं एक आदर्श आचार्य की तरह व्यवहार करते हैं – समय के पाबंद, विनम्र और सादगीपूर्ण। गाँवों में उनके प्रवास के दौरान लोग उन्हें एक परिवार के सदस्य की तरह स्वीकार करते हैं। यह जुड़ाव केवल औपचारिक नहीं, हृदय से होता है।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे संगठन के हर सदस्य को सशक्त बनाना चाहते हैं। उनका विश्वास है कि यदि आचार्य, संच प्रमुख और समिति सदस्य अपने दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाएं तो एकल के माध्यम से भारत का हर गांव स्वावलंबी, सुसंस्कृत और सशक्त बन सकता है।

एकल अभियान को ग्रामों में जीवंत बनाना, संस्कारों से जोड़ना और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना उनका ध्येय है। उनके शब्दों में ''अब केवल शिक्षा नहीं, शिक्षा के साथ संस्कार और भाव जागरण भी आवश्यक है – यही हमारी महती भूमिका है। एकल केवल विद्यालय नहीं, भारत को परम वैभव तक पहुँचाने का माध्यम है।'' ■

संपादकीय विभाग

राणा पूंजा भील

गोरिल्ला युद्ध रणनीति के जनक

भारतीय स्वाधीनता संग्राम का इतिहास केवल ब्रिटिश ईसाइयों के विरुद्ध किए गए संघर्षों के रूप में ही देखा जाता है, लेकिन ब्रिटिश/यूरोपीय ईसाइयों के आने के पूर्व भी जो इस्लामिक आक्रमणकारी भारत आये और उनके विरुद्ध 9वीं से 18वीं शताब्दी तक भारतीयों के संघर्ष की गाथा बताना और उसे जानना भी आवश्यक है। इस कालखंड में कई ऐसे प्रतापी जनजातीय योद्धा हुए जिन्होंने इस्लामिक आक्रांताओं को ना सिर्फ बुरी तरह पराजित किया बल्कि उन्हें वर्षों तक सीमावर्ती क्षेत्रों तक खदेड़ कर रखा। ऐसे ही एक महान प्रतापी जनजाति नायक हुए, पूंजा भील। पूंजा भील, जो भील जनजाति समाज से थे और जिन्होंने इस्लामिक आक्रांता अकबर की सेना को हल्दीघाटी के युद्ध में नाको चने चबाने पर मजबूर कर दिया था।

राणा पूंजा भील का जन्म वर्तमान राजस्थान के मेरपुर गांव में 5 अक्टूबर के दिन हुआ था, जहां उनके पिता क्षेत्र के मुखिया थे। पिता की मृत्यु के पश्चात मात्र 14 वर्ष की आयु में पूंजा भील मेवाड़ के मेरपुर रियासत के मुखिया बने। निडरता, साहस, युद्ध कौशल एवं अद्भुत नेतृत्व क्षमता के कारण पूंजा भील की प्रसिद्धि चहुंओर होने लगी। इस बीच मेवाड़ पर इस्लामिक आतंक का ऐसा साया छाया, जिसने पुंजा भील को 'राणा' पूंजा भील बना दिया।

राणा पूंजा भील को जब कम उम्र की आयु में गांव का मुखिया बना दिया गया तब उन्होंने अपनी कुशलता से गांव का ऐसा विकास किया कि बहुत ही जल्द उन्हें "भोमट" का राजा बना दिया गया। राजा बनने के बाद राणा पूंजा भील अरावली की संपूर्ण पहाड़ियों में राज करने लगे।

राणा पूंजा भील का जीवन उस समय के अत्याचारी राजाओं और बाहरी आक्रमणकारियों के खिलाफ संघर्ष से भरा हुआ था। उन दिनों, भील समुदाय के लोग अपनी पहचान और स्वतंत्रता को बचाने के लिए कई संघर्षों में शामिल थे। राणा पूंजा भील ने अपनी पूरी शक्ति और साहस के साथ अपने समाज की रक्षा की। वे एक महान योद्धा थे, जिन्होंने बाहरी आक्रमणकारियों से अपने इलाके को बचाने के लिए संघर्ष किया।

वर्ष 1576 में इस्लामिक आक्रान्ता अकबर द्वारा चित्तौड़ गढ़ पर कब्जा कर लिया गया, जिसके बाद महाराणा प्रताप के समक्ष विकट स्थिति आन पड़ी थी। स्थितियां ऐसी हो चुकी थीं कि अकबर के विरुद्ध महाराणा प्रताप के पक्ष में उनके सगे–संबंधियों ने भी साथ छोड़ दिया था। यहां तक कि महाराणा के भाई शक्तिसिंह ने भी उनका साथ छोड़ दिया था।

उस समय महाराणा प्रताप ने आसपास के सभी राजा–महाराजाओं से सहयोग मांगा लेकिन उन्होंने सहयोग नहीं दिया। वे सभी अकबर की अधीनता स्वीकार कर चुके थे। महाराणा प्रताप ने अरावली की पहाड़ियों में राज करने वाले भील समुदाय तथा राणा पूंजा से समर्थन मांगा, जिस पर उन्होंने समर्थन दे दिया तथा महाराणा प्रताप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने का वादा किया।

इसी दौरान जब महाराणा प्रताप अरावली की पहाड़ियों में भटक रहे थे, तभी उनकी भेंट पूंजा भील से हुई। महाराणा प्रताप ने उन्हें वस्तुस्थिति बताई, जिसके बाद पूंजा भील ने उन्हें वचन दिया कि वे मेवाड़ की रक्षा के लिए महाराणा का सहयोग करेंगे। इसके बाद महाराणा प्रताप ने उन्हें अपना भाई कहकर गले लगाया था।

राणा पूंजा ने इस निर्णायक संघर्ष में महाराणा प्रताप का पूर्ण समर्थन किया और अपने संपूर्ण समुदाय को प्रताप के पक्ष में एकत्र किया। उन्होंने कहा, "हम अपने जंगल, अपनी जमीन, अपनी

आज़ादी किसी बादशाह को नहीं देंगे। हमारे तीर भले ही सोने के नहीं, लेकिन हौसला लोहे से भी मजबूत है।"

अकबर ने मेवाड़ और महाराणा प्रताप को अपने कब्जे में लेने के लिए दिल्ली से मुगलों की एक विशाल सेना भेजी, जिसका नेतृत्व आमेर के राजा मानसिंह प्रथम कर रहे थे। इधर महाप्रताप के पास कुल 3400 सैनिक थे। इसके अलावा राणा पूंजा भील सहित 400 भील सैनिक भी शामिल हो गए, जो छापामार युद्ध प्रणाली में माहिर थे। राणा पूंजा भील को गोरिल्ला युद्ध रणनीति के जनक कहा जाता है।

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास का एक प्रतीकात्मक युद्ध था। यह सिर्फ भूमि के लिए नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए 18 जून 1756 ईस्वी को हल्दीघाटी मैदान में लड़ा गया था। इस युद्ध में मेवाड़ और मुगलों के बीच घमासान युद्ध हुआ। इस युद्ध में राजपूत योद्धाओं व भील समुदाय के सैनिकों ने पूंजा भील के नेतृत्व में ऐसा पराक्रम दिखाया कि मुगलों की सेना में भगदड़ मच गई।

राणा पूंजा भील के साथ मेवाड़ के हजारों भील सैनिकों और लड़ाकों ने कदम से कदम मिलाया और मुगल आक्रान्ताओं को मार भगाया। पूंजा भील और महाराणा प्रताप ने भील योद्धाओं के साथ मिलकर गुरिल्ला युद्धनीति को अपनाया और मुगलों को जीतने नहीं दिया।

मेवाड़ की रक्षा के लिए पूंजा भील द्वारा दिखाए गए इस शौर्य के कारण उन्हें 'राणा' पूंजा भील कहा गया। महाराणा प्रताप ने उन्हें अपना भाई कहा। राणा पूंजा भील का नाम भारतीय इतिहास में वीरता और निष्ठा का प्रतीक बन चुका है। हल्दीघाटी के युद्ध में राणा पूंजा और भला सेनानियों द्वारा रचे गए इतिहास का सम्मान करते हुए मेवाड़ के राजचिन्ह एवं ध्वज को बदला गया, जिसमें तत्पश्चात एक ओर राजपूत एवं दूसरी ओर भील प्रतीक चिन्ह अपनाया गया।

अरावली की पहाड़ियों में राज करने वाले राणा पूंजा भील तथा उनकी संपूर्ण भील सेना कितनी ताकतवर और छापामार युद्ध प्रणाली में निपुण थी कि उनसे मदद मांगने के लिए कई बार मुगल भी आए थे। लेकिन उन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए मुगलों की सभी शर्तों को ठुकरा कर महाराणा प्रताप का साथ चुना और अंतिम क्षण तक वे मेवाड़ के सहयोगी रहे।

राणा पूंजा ने कभी भी किसी पद, जागीर या सम्मान की मांग नहीं की। वे कहते थे – "हम सिर्फ उस मिट्टी के ऋणी हैं, जो हमें जीवन देती है। उसकी रक्षा करना ही हमारा धर्म है।"

राणा पूंजा भील की पूजा एक विशेष रीति–रिवाज के अनुसार की जाती थी। यह पूजा विशेष रूप से उन स्थानों पर आयोजित की जाती है, जो उनके जन्म स्थान या संघर्ष की प्रमुख जगहों के आसपास होते थे। वनवासी लोग इस पूजा को बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ करते थे।

राणा पूंजा भील की कहानी न केवल उनके साहस और वीरता को प्रदर्शित करती है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाती है कि धार्मिक भक्ति और समाज की सेवा दोनों का सामंजस्य

कैसे स्थापित किया जा सकता है। राणा पूंजा भील का जीवन उनके वनवासी समुदाय के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है और आज भी उनकी पूजा एवं सम्मान उनके द्वारा किए गए महान कार्यों को जीवित रखता है।

इतिहास भले ही उन्हें भुला बैठा हो, लेकिन राणा पूंजा भील भारतीय स्वाभिमान और वनवासी चेतना के अमिट प्रतीक हैं। उनका जीवन इस बात का साक्षी है कि जब जंगलों से आवाज उठती है, तो साम्राज्य हिल जाते हैं।

उनकी स्मृति को जीवित रखने के लिए राजस्थान सरकार ने 'राणा पूंजा स्मारक' का निर्माण गोगुन्दा (उदयपुर के पास) में किया है। उनकी वीरता की कहानियां लोकगीतों, कथाओं और मंचन के रूप में राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में आज भी गूंजती हैं। राणा पूंजा भील को पहले वनवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। ■

सौजन्य
विकिपीडिया एवं इंटरनेट

Step into Jagriti Dham to Experience

ELEGANCE, COMFORT & CARE

JAGRITI DHAM

Initiative of infinity

Luxury Eldercare Living in Kolkata

30 minutes from IIM Calcutta, Joka
inside Merlin IBIZA Campus, Diamond Harbour Road



EXCLUSIVE OFFER

100% REFUNDABLE DEPOSIT

State-of-the-art Ayurveda Centre -Jivagram, Now at Jagriti Dham

COMFORTABLE ROOMS
Fully furnished, well-lit air-conditioned rooms with attached balconies, ensuite bathrooms, pantry & emergency bells

HOLISTIC LIVING
Yoga room, library, gym, AV theatre, games room, card room, conference hall, indoor and outdoor dining areas, green lawn

HEALTH IN TOTALITY
Medical support, emergency assistance, health check-up by resident doctor, in-house nurse, care manager, tailor-made care plan & nutritious meals

AYURVEDIC CENTRE
On-site Ayurvedic and Wellness Centre, providing holistic healing and rejuvenation

COMMITTED SERVICE
Housekeeping, laundry service, free WiFi, 24X7 manned security, CCTV surveillance in common areas, and receptionist

ENGAGEMENT
Vibrant calendar of events and engaging activities to foster social interaction and personal enrichment

"Our Bank - Punjab National Bank"

For Booking or Site Visit: **+91 7596038215** | **www.jagritidham.com**



RNI Regd. No. DEL BIL/2010/32946